दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



जन्म से ही अनोखी खूबियों वाले एनिमल्स के ये सुपर बेबीज



घमंडी गोलू

वर्ष : 12 | अंक : 270 | लखनऊ, 26 सितम्बर, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन: दिल्ली-कोलकाता में मार्च, पटना में चली वाटर कैनन

जम्मू-कश्मीर, असम, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, यूपी, हिमाचल प्रदेश और मणिपुर में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। हिमाचल के शिमला में राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान आधिकारिक बोर्ड को काला किया गया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस ने शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में प्रदर्शन किया। दिल्ली में प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च किया। उत्तराखंड के देहरादून में कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। पटना में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। जम्मू-कश्मीर, असम, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मणिपुर में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। शिमला में राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान आधिकारिक बोर्ड को काला किया गया। देहरादून में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राज्य सचिवालय स्थित चुनाव कार्यालय की ओर मार्च किया।

**खास बातें**

- हिमाचल : शिमला में ईसी के ऑफिस बोर्ड पर कालिख पोती
- बिहार : पटना में भी ईसी ऑफिस का घेराव किया



नई दिल्ली में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए

### मणिपुर में झड़प

मणिपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय की ओर मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने सीईसी की गिरफ्तारी और मुकदमा चलाने की मांग की और उनका पुतला जलाया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई, जिसके बाद आंसू गैस के गोले छोड़े गए।



### विधानसभा में प्रदर्शन: मार्शल ने रोका

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक पोस्टर लेकर पहुंचे। इन पर लिखा था कि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें। कांग्रेस विधायकों को विधानसभा में प्रदर्शन के दौरान मार्शल ने रोका।

### पटना में पुलिस के साथ धक्का-मुक्की



बिहार के पटना में कांग्रेसी कार्यकर्ता ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। प्रशासन ने इन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं-पुलिस के बीच धक्का मुक्की हुई।

### गोगोई को हिरासत में लिया



असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सांसद और असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई को हिरासत में लिया गया।

### सीजेपी का 2 अक्टूबर से देशव्यापी आंदोलन

सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि अगर ज्ञानेश कुमार शनिवार तक इस्तीफा नहीं देते हैं, तो 2 अक्तूबर से मुंबई में देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करेंगी। सीजेपी ने 'इलेक्शन कमीशन ठीक करो' अभियान शुरू किया है।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी और महिला की फोटो हटाएं: कोर्ट

**दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मेटा को निर्देश दिया है कि वह पीएम नरेंद्र मोदी के साथ एक महिला की मॉर्फ्ड तस्वीर वाले कंटेंट को तुरंत हटाए। हाई कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ एक महिला का मामला नहीं, बल्कि देश के पीएम से जुड़ा मामला है। हाई कोर्ट ने सीजेपी के नेताओं सौरव दास और अभिजीत दिपके को नोटिस जारी किया है।



### पूर्व आईएएस सिंह बने यूसीसी समिति के सदस्य

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने पूर्व आईएएस अधिकारी शत्रुघ्न सिंह को राज्य की यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) समिति का सदस्य नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति रिटायर्ड बॉम्बे हाईकोर्ट जज जस्टिस आरसी चव्हाण के समिति से इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद हुई है। समिति की अध्यक्ष रंजना देसाई ने उनके नाम की सिफारिश की थी।



### डंपर से टकराई कार 4 लोगों की मौत

**सूरत।** गुजरात के सूरत जिले में भारतमाला एक्सप्रेसवे के किनारे खड़े एक डंपर से कार के टकराने के बाद मुंबई के 4 लोगों की मौत हो गई। कामरेज पुलिस ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 8 बजे कामरेज तालुका के धातवा गांव के पास हुआ, जब कार एक्सप्रेसवे पर मुंबई से दिल्ली की ओर जा रही थी। कार में सवार चारों लोग मुंबई के थे।



### मिलन प्रधान का राहत वाला आदेश खारिज

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच (खंडपीठ) ने कांग्रेस के नंदीग्राम उपचुनाव प्रत्याशी मिलन प्रधान को 2007 के आपराधिक मामले में मिली अंतरिम राहत वाला आदेश रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि आपराधिक कानून में ऐसी अंतरिम सुरक्षा का प्रावधान नहीं है।



## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2026 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले

# यूपी में बनी ब्रह्मोस पाकिस्तान की नींद उड़ा रही, 6 जगह डिफेंस कॉरिडोर में आया निवेश

गृह मंत्री शाह ने कहा कि आज दुनिया में तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भारत की है। पीएम मोदी ने जो संकल्प 2047 में भारत दुनिया के हर क्षेत्र में नंबर वन होगा तो वो संकल्प साकार होगा। कुछ लोग भारत के बढ़ते विकास को नहीं देख पा रहे है

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/लखनऊ,

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2026 के चौथे संस्करण का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भारत की है। पीएम मोदी ने जो संकल्प 2047 में भारत दुनिया के हर क्षेत्र में नंबर वन होगा तो वो संकल्प साकार होगा। कुछ लोग भारत के बढ़ते विकास को नहीं देख पा रहे है। आज 6 जगह डिफेंस कॉरिडोर को लेकर निवेश आ रहा है। दुनिया के 80 देशों में भारत निर्यात कर रहा है। आज यूपी में ब्रह्मोस पाकिस्तान की नींद उड़ा रहे है। यह बदलाव का बड़ा संकेत है। वहीं अमेठी में बनी 203 राइफल नक्सलियों और आतंकियों के खिलाफ हथियार बन गई है। उन्होंने कहा कि अपराध के पूर्व के वातावरण से अब यह प्रदेश रक्षा विनिर्माण, वाहन उत्पादन और चिकित्सा उपकरण विनिर्माण में तब्दील हो चुका है।

**ये भी बोले**

- मोदी और योगी के मार्गदर्शन में यूपी तेजी से आगे बढ़ रहा
- एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने की तरफ यूपी



गृह मंत्री अमित शाह सीएम योगी के साथ इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन करते हुए।

### इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 11 गुना बढ़ा

शाह ने भारतीय अर्थव्यवस्था में व्यापक बदलाव के संदर्भ में कहा कि भारत से इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 2015 के मुकाबले 11 गुना बढ़ा है, जबकि 1.64 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश से छह राज्यों में 12 सेमीकंडक्टर परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। जुलाई का जीएसटी संग्रह 2.11 लाख करोड़ रुपए रहा जोकि जुलाई में अब तक का सबसे अधिक संग्रह है। भारत की आर्थिक प्रगति की आलोचना के संदर्भ में उन्होंने कहा, कुछ आलोचक जीडीपी के आंकड़ों पर विवाद करते रहते हैं। राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि जिनकी खुद की सोच 'डेड' है, वे जीवंतता नहीं देख सकते, वे हर जगह 'डेड' ही देखते हैं।

### पीएम मोदी ने राजनीतिक स्थिरता को पहचान बनाया

अमित शाह ने कहा कि हमारे नेता पीएम नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक स्थिरता को अपनी पहचान बनाया। उन्होंने न केवल नीतियों का निर्माण किया, बल्कि टिकाऊ रूप से उसे जमीन पर भी उतारा। पीएम मोदी ने 25 सितंबर को ही मेक इन इंडिया की शुरुआत की थी। 12 साल पहले मोदी जी ने मेक इन इंडिया की शुरुआत की थी और ये ट्रेड शो उसी पहल का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आज 25 सितंबर है और पंडित दीन दयाल जयंती है और वो पंडित दीन दयाल जिनकी बनाई हुई जनसंघ आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

### यूपी देश के विकास का इंजन बन आगे बढ़ रहा

अमित शाह ने कहा कि आज वही यूपी डबल इंजन की सरकार के जरिए दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है और आज यूपी देश के विकास का इंजन बनकर आगे बढ़ रहा है और आज यूपी विनिर्माण के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने की तरफ यूपी बढ़ रहा है। आज यूपी का विकास तेजी से हो रहा है क्योंकि यहां उद्योग के लिए बेहतर माहौल है। पहले यूपी में माफिया राज था लेकिन 2017 में योगी सरकार आने के बाद माफिया राज खत्म हुआ और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। इसीलिए यूपी में आज निवेश बढ़ रहा है। आप मोदी जी और योगी जी के मार्गदर्शन में यूपी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

### युवाओं को रोजगार मिल रहा

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि निवेश के माहौल की पहली शर्त है कि कानून व्यवस्था दुरुस्त हो। दूसरा अनुकूल औद्योगिक नीति बने, तीसरो सक्रिय सरकार हो और चौथा सुविधा देने का उत्साह हो। एक समय था जब यहां के लोगों को रोजगार की तलाश में दूसरी जगह जाना पड़ता था। आज युवाओं को एक जिला, एक उत्पाद के कारण अपने खुद के प्रदेश में रोजगार मिल रहा है।

## 'सेवा संकल्प' यात्रियों से पीएम का संवाद

# वोटबैंक की राजनीति के लिए नहीं, समाज के लिए करें काम



पीएम मोदी 'सेवा संकल्प' यात्रियों से वर्चुअल माध्यम से बात करते हुए

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक की 'सेवा संकल्प यात्रा' पर निकले यात्रियों के साथ वर्चुअल माध्यम से संवाद किया है। इस दौरान पीएम मोदी ने इन यात्रियों के सेवा भाव की जमकर सराहना की और उनके इस प्रयास को प्रेरणादायक बताया। संवाद के दौरान पीएम मोदी ने एक बार फिर अपने जन्मस्थान और कर्मस्थान का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए वडनगर मेरा जन्मस्थान है और काशी मेरी दूसरी कर्मभूमि है। काशी में हमें बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद प्राप्त है, तो वहीं वडनगर में हटकेश्वर महादेव का प्रेम और आशीर्वाद मिला है। वडनगर और काशी दोनों का इतिहास 1000 साल से अधिक पुराना है।

### यात्राओं से मिला अनुभव

पीएम ने कहा कि हम महात्मा गांधी जी के जीवन की ओर देखते हैं, तो वे अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ने और आजादी का आंदोलन चलाने के साथ-साथ एक बड़े सामाजिक सुधारक भी थे। समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ उन्होंने हमेशा काम किया। इसलिए हमें भी समाज में निरंतर सुधार और सकारात्मक परिवर्तन के लिए काम करते रहना चाहिए, केवल वोटबैंक की राजनीति के लिए नहीं। पीएम मोदी ने कहा कि सेवा यात्राओं ने मेरे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। देश का शायद ही कोई ऐसा जिला होगा, जहां जाने का मुझे अवसर न मिला हो। ऐसे अनगिनत जिले हैं, जहां मुझे रात बिताने का भी मौका मिला है। ये अनुभव मेरा मार्गदर्शन करते हैं।

### युवा ही 'विकसित भारत' की रीढ़

युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए पीएम ने कहा कि आज देश का युवा ही 'विकसित भारत' की रीढ़ भी है और आने वाले भविष्य का मुख्य लाभार्थी भी। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ सेवा भाव से आयुष्मान योजना जैसी बड़ी जनहित योजनाएं निकली हैं। पीएम मोदी ने कहा कि राजनीति का अपना स्थान है, चुनाव और शासन का अपना स्थान है। लेकिन हम वे लोग हैं जो राष्ट्र निर्माण का काम करते हैं। हम 'विकसित भारत' के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

## आस्था कुंज पार्क गैंगरेप मामला

# पकड़ा गया आरोपी, पहले था पुलिस का मुखबिर, जांच शुरू

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार आरोपितों में शामिल आसिफ पहले पुलिस के लिए मुखबिर के तौर पर काम कर चुका है। किशोरी ने पुलिस को आरोपितों के हुलिये, कपड़ों के रंग और उनके एक-दूसरे को बुलाने के नाम की जानकारी दी थी।

पुलिस ने इसी आधार पर आसिफ की पहचान की। जांच में सामने आया कि आसिफ पहले पुलिस के मुखबिर के तौर पर काम कर चुका है। आसिफ का नाम वर्ष 2025 में आस्था कुंज पार्क के पास एक अमेरिकी नागरिक से हुई लूट की घटना में भी आया था। बदमाशों ने अमेरिकी नागरिक पर चाकू से हमला कर उसका मोबाइल फोन लूट लिया था।



पीड़िता और कोर्ट में गैंगरेप आरोपी

## सीएम सुवेंदु का किसानों को तोहफा

# बिजली पर 2 रुपए प्रति यूनिट सब्सिडी, पूरी धान भी खरीदेगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल सरकार ने किसानों के लिए बिजली सब्सिडी बढ़ाने का ऐलान किया है। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि करीब चार लाख किसानों को बिजली पर दो रुपए प्रति यूनिट की सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही, पीएम-किसान योजना के तहत मिलने वाली सहायता भी 6,000 से बढ़ाकर 9,000 रुपए की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान जितना धान बेचना चाहेंगे, राज्य सरकार उसकी पूरी खरीद करेगी। इसके साथ ही किसानों को 2,700 रुपए प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित किया जाएगा। बिचौलियों या एजेंटों के लिए कोई जगह नहीं होगी। विधायक किसानों के अभिभावक के रूप में काम करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की पिछली सरकार ने किसानों को परेशान किया।



## जयकारों के बीच 'बप्पा' की विदाई



### 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष से गूंजा शहर

**मुंबई।** मुंबई में अनंत चतुर्दशी पर गणपति विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया। शुक्रवार को 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों और ढोल-ताशे की थाप से माहौल गूंज उठा। शहर में विसर्जन जुलूस निकले और भक्तों ने त्योहार के आखिरी दिन भगवान गणेश को भावुक विदाई दी। सार्वजनिक गणेश पंडालों में बड़ी संख्या में भक्तों की मौजूदगी में पारंपरिक पूजा और आरती हुई। इसके साथ ही कई प्रमुख मंडलों के विसर्जन जुलूस में जोश भरे जयकारों, पारंपरिक संगीत और गुलाल व फूलों की पंखुड़ियों की बौछार हुए। भक्त नाचते-गाते हुए भक्ति गीत गा रहे थे। विसर्जन के लिए 24 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी और 25 हजार बीएमसी कर्मचारी तैनात हैं। इस दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं है।

## एनसीआरबी के हैरान करने वाले आंकड़े

# एक साल में 43 हजार बच्चियों के साथ बलात्कार, अपनों ने ही किया गंदा काम

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश में बच्चियों के साथ रेप के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक, 2015 में पुलिस ने जहां 18 साल से कम उम्र की 10,934 पीड़ित बच्चियों के मामले दर्ज किए थे। वहीं 2024 में यह संख्या 43,675 तक पहुंच गई। एक दशक में बच्चियों से रेप की घटनाओं में चार गुना बढ़ोतरी हुई है। हर साल 18 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ यौन हिंसा के मामले बड़ी संख्या में सामने आए हैं।

### 97% मामलों में जान-पहचान का व्यक्ति



बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वाले लोग ज्यादातर उनकी पहचान या उनके आस-पास के ही होते हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2024 में, लड़कियों के साथ रेप के 97 प्रतिशत मामलों में आरोपी पीड़ित की जान-पहचान का व्यक्ति था। इन मामलों में आरोपी ज्यादातर वो व्यक्ति रहा, जिसने लड़की को शादी का झांसा दिया। वहीं कई मामलों में दोस्त, रिश्तेदार, पड़ोसी और परिवार के सदस्य भी आरोपी पाए गए।

**86% मामलों में न्याय में देरी**

10 सालों में नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण के मामले चार गुना तेजी से बढ़े हैं, लेकिन बच्चियों को न्याय मिलने में देरी हुई है। पिछले एक दशक में लंबित मामलों का स्तर 85 प्रतिशत से ऊपर रहा है।

## चक्रवात अर्नब: आंध्र से बंगाल तक टूट कर गिरी बारिश

# पुल और नावें डूबीं, स्कूल बंद, दार्जिलिंग में अस्पताल के पास भूस्खलन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात 'अर्नब' ने ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में तबाही मचा दी है। चक्रवात देर रात 11 बजे से 1 बजे के बीच उत्तर आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा के तट से टकरा गया। इसके असर से दोनों राज्यों में भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। मलकानगिरी में चार पुल डूब जाने से यातायात ठप हो गया है।

नेशनल हाईवे भी सुरक्षा कारणों से बंद कर दिए गए हैं। भद्रक में तूफानी हवाओं से मछुआरों की 10 नावें डूब गईं और कई क्षतिग्रस्त हो गईं। चिलिका झील क्षेत्र में भी कई नावें टूटकर डूब गईं। मौसम विभाग ने नबरंगपुर जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जहां 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश का अनुमान है।

- ओडिशा में 8 हजार लोग विस्थापित किए गए
- आंध्र प्रदेश में 75 किमी प्रति घंटे तक की हवाएं

**ओडिशा में रेल सेवाएं प्रभावित**

ओडिशा में मालिगुड़ा और छत्रीपुट स्टेशनों के बीच भूस्खलन से रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। एहतियात के तौर पर चार ट्रेनें रद्द की गईं, जबकि कुछ ट्रेनों को बीच में रोकना पड़ा।



दार्जिलिंग के तकदाह अस्पताल के पास भूस्खलन

### मरीजों को जिला अस्पताल शिफ्ट किया

दार्जिलिंग में तेज बारिश से शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे दार्जिलिंग के तकदाह ग्रामीण अस्पताल के पास भूस्खलन हुआ। मलबे की चपेट में आने से एक मरीज के रिश्तेदार को मामूली चोट लगी। अस्पताल में भर्ती किसी मरीज को चोट नहीं आई। घटना के बाद मरीजों को जिला अस्पताल ले जाया गया।

### आंध्र में खेत और सड़कें डूबी

आंध्र प्रदेश में भी भारी बारिश से सड़कें और खेत पानी में डूब गए। प्रमुख सड़कों पर पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ। पार्वतीपुरम मान्यम जिले में बारिश से तालाब, नहरें और छोटी नदियां उफान पर आ गईं।

### बंगाल में भारी बारिश

बंगाल में सक्रिय मानसून और ओडिशा के अंदरूनी हिस्से में बने डिप्रेशन के असर से शुक्रवार को राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश हुई। सबसे ज्यादा असर उत्तर बंगाल के पहाड़ी जिलों में दिखा।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचारों को साकार कर रही डबल इंजन सरकार : केशव प्रसाद मौर्य

**डिप्टी सीएम ने अलीगढ़ में पं. दीनदयाल जयंती पर चित्र प्रदर्शनी का किया उद्घाटन, कहा–गरीब कल्याण से विकसित भारत तक जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ा रही सरकार**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ/अलीगढ़ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को अलीगढ़ के नौरंगाबाद स्थित डीएवी इंटर कॉलेज में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती एवं 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित 'श्री हनुमंत चरित्र कथा' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा हवन-पूजन में सम्मिलित होकर सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं विचारों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन भी किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रणेता और अंत्योदय के महान चिंतक थे। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को विकास का केंद्र बनाने का विचार दिया। केंद्र एवं प्रदेश की डबल इंजन सरकार उनके अंत्योदय के दर्शन को जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के माध्यम से धरातल पर उतार रही है। गरीब, वंचित, किसान, महिला, युवा और जरूरतमंद वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नेतृत्व में भी जनकल्याण और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य



हुए। आज डबल इंजन सरकार उसी जनकल्याण और विकास के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। श्री मौर्य ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि यह करोड़ों रामभक्तों की आस्था और लंबे संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम और भगवान हनुमान की कृपा तथा रामभक्तों की आस्था से अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से जरूरतमंदों को निःशुल्क खाद्यान्न, प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को पक्के आवास तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के साथ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के साथ विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च है और जनता के आशीर्वाद से ही देश-प्रदेश की दिशा तय होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान श्रीराम, भगवान हनुमान एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कथा के समापन अवसर पर श्री मौर्य ने व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। पाराशर परिवार की ओर से उन्हें भगवान हनुमान की प्रतिमा एवं गदा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सांसद सतीश कुमार गौतम, विधान परिषद सदस्य डॉ. मानवेन्द्र प्रताप सिंह 'गुरु जी', विधायकगण, महापौर प्रशांत सिंघल सहित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## लखनऊ लौटते ही गौरा में रुका अखिलेश यादव का काफिला, अर्चना रावत की अगुवाई में हुआ स्वागत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। रायबरेली में पीडीए रथ यात्रा के बाद लखनऊ लौट रहे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का शुक्रवार देर रात मोहनलालगंज क्षेत्र के गौरा में कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया हाईवे पर बड़ी संख्या में समर्थकों की मौजूदगी के चलते कुछ देर के लिए उनका काफिला भी रुक गया। सपा की जिला उपाध्यक्ष अर्चना रावत की अगुवाई में जुटे कार्यकताओं ने अखिलेश यादव का फूल-मालाओं से स्वागत किया इस दौरान अखिलेश यादव जिंदाबाद और समाजवादी पार्टी के समर्थन में नारे लगाए गए। अखिलेश यादव ने वाहन से हाथ हिलाकर कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया स्वागत कार्यक्रम में नितुल शर्मा जिला सचिव विजय



यादव, नीलांश शर्मा सिद्धांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही अर्चना रावत ने कहा कि पीडीए रथ यात्रा को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है और कार्यकताओं में उत्साह का माहौल उन्होंने दावा किया कि यात्रा से संगठन को मजबूती मिली है तथा आगामी विधानसभा चुनाव में इसका सकारात्मक असर देखने को मिलेगा।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन, अंत्योदय के संकल्प को दोहराया



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एकात्म मानववाद के प्रणेता, प्रखर विचारक, उत्कृष्ट संगठनकर्ता, सत्यनिष्ठ एवं कार्यकताओं के प्रेरणास्त्रोत तथा जनसंघ के संस्थापक परम श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 110वीं जयंती सरोजनीनगर दक्षिण मंडल-3 के तेलीबाग स्थित मंडल कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजन मिश्रा ने की। इस अवसर पर कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंडल उपाध्यक्ष मोहन भट्ट ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 25 सितंबर को 'अंत्योदय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब, वंचित और जरूरतमंद व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के संकल्प को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का चिंतन समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और राष्ट्रहित को केंद्र में रखता है। कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास की भावना पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजन मिश्रा, उपाध्यक्ष राजू बाजपेई, मोहन भट्ट, विनीत तिवारी, मंडल महामंत्री विनय सुदन, मंडल मंत्री संजीव सिंह एवं शेषनारायण दीक्षित, मंडल मीडिया प्रभारी अरुण श्रीवास्तव, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मंडल संयोजिका अर्चना बोहरा, सेक्टर संयोजक सुरेंद्र पांडे, बूथ अध्यक्ष गजेंद्र जोशी, अंजू पांडेय, अर्चना शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा ने लिया अंत्योदय का संकल्प

**पंकज चौधरी व धर्मपाल सिंह ने प्रदेश मुख्यालय में किया पुष्पार्चन, युगदृष्टा के विचारों को बताया सदैव प्रेरणादायी**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती प्रदेशभर में अंत्योदय के संकल्प के साथ मनाई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें कृतज्ञतापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन के मूल में मानव की सर्वांगीण प्रगति का विचार निहित है। उनके अनुसार शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा–इन चारों का संतुलित विकास ही मानव की





वास्तविक प्रगति है। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अपने विचारों, कार्यों और स्थापित आदर्शों के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद तथा जन-जन के कल्याण का अंत्योदय मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने के लिए संकल्पित है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय को एकात्म मानववाद के प्रणेता, प्रखर राष्ट्रवादी और कुशल संगठनकर्ता बताते हुए कहा कि राष्ट्रहित एवं अंत्योदय को जीवन का ध्येय मानकर उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन, चिंतन और विचार आज भी समाज तथा भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को निरंतर प्रेरणा प्रदान करते हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का विचार केवल एक राजनीतिक दर्शन नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान, अवसर और विकास से जोड़ने की जीवन-दृष्टि है। उनकी जयंती पर भाजपा कार्यकताओं ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

## दुराचार के बाद महिला की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र में महिला से दुराचार के बाद हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से दोनों तक पहुंच बनाई आरोपितों ने पूछताछ में वारदात के संबंध में अहम जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतका के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो.मुश्ताक के निर्देशन में कई टीमें गठित की गईं जांच के दौरान पदमिनखेड़ा मजरा हुलासखेड़ा निवासी राजेश उर्फ गुड्डू और हरिराम रावत को गिरफ्तार किया गया वही पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपित महिला के साथ शराब पी रहे थे इसी दौरान विवाद हुआ आरोप है कि दोनों ने महिला से दुराचार किया विरोध करने पर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई घटना के बाद साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को घर के पीछे अंधेरे में फेंक दिया गया। एसीपी मोहनलालगंज राजकुमार सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे में सीसीटीवी फुटेज तकनीकी साक्ष्य और स्थानीय सूचना तंत्र की




महत्वपूर्ण भूमिका रही पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। मामले में वैज्ञानिक एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही।

## सुरक्षा पर सरकार का पूरा फोकस अभेद्य दुर्ग बना इंटरनेशनल ट्रेड शो

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस)-2026 के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को देखते हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो परिसर और उसके आसपास सुरक्षा का अभेद्य दुर्ग बना रहा। सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 3,000 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ पीएसी की सात कंपनियां तैनात रहीं। रूट से लेकर हेलीपैड, प्रवेश द्वार, गैलरी और हॉल तक पुलिस की नजर रही। आसपास के प्रमुख मार्गों, ऊंची इमारतों और संवेदनशील स्थानों को भी सुरक्षा घेरे में रखा गया। आउटर-इनर कॉर्डन से लेकर एंटी-ड्रोन, एंटी-डेमो और ट्रैफिक व्यवस्था तक सुरक्षा का पूरा तंत्र सक्रिय रहा। यूपीआईटीएस का चौथा संस्करण 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित हो रहा है, जिसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## गोल्डन गाला अवार्ड में सारा खान का जलवा

**मंगलमुखियों की रैंप वॉक और प्रतिभाओं का सम्मान बना आकर्षण का केंद्र**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नव अंशिका फाउंडेशन के सातवें स्थापना दिवस पर आयोजित सीजन-3 'गोल्डन गाला अवार्ड 2026' में बुधवार को गोमती नगर विराजखंड स्थित नक्षत्र होटल में सितारों का जमावड़ा लगा कार्यक्रम में टीवी अभिनेत्री सारा खान सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शामिल हुईं उन्होंने कहा कि इंसानियत का धर्म सबसे बड़ा और इसी संदेश को लेकर वह गंगा-जमुनी तहजीब वाले शहर लखनऊ पहुंची।

### मंगलमुखियों की रैंप वॉक ने बटोरी तालियां

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पायल सिंह के नेतृत्व में आयोजित 'मंगलमुखी सर्व सुखी कामना से स्वाभिमान की श्री चाल' रहा विश्व




शांति और राष्ट्र उन्नति की कामना के साथ मंगलमुखियों ने रैंप वॉक कर लोगों को सामाजिक सम्मान और समानता का संदेश दिया।

### प्रतिभाओं को मिला सम्मान

फाउंडेशन की निदेशिका निशू त्यागी की परिकल्पना और निर्देशन में हुए समारोह में कला समाजसेवा उद्योग और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया इलेक्ट्रिफाइंग कल्चरल शो ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। गोल्डन गाला अवार्ड से एचबीएन इवेंट्स के संस्थापक मोहम्मद बदर सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर ओमदीप मोतियानी मिठाई वाला के मालिक मयंक जायसवाल सामाजिक कार्यकर्ता एवं अभिनेत्री पायल सिंह यूनियन बैंक के मैनेजर शेखर पांडे मिजू लेजर की निदेशिका प्रियंका यादव कथक गुरु पंडित अनुज मिश्रा आर्ट प्रमोटर जगमोहन रावत संजन सिंह अनामिका सिंह और उर्वशी तिवारी सहित कई लोगों को सम्मानित किया गया।

### प्रियंका सिंह को भी मिला विशेष सम्मान

समारोह में समाजसेवा और रचनात्मक क्षेत्र में सक्रिय योगदान के लिए प्रियंका सिंह को भी सम्मानित किया गया उनकी उपलब्धियों और सामाजिक सहभागिता की सराहना करते हुए उन्हें अवार्ड प्रदान किया गया।

### नव अंशिका प्राइड अवार्ड से भी नवाजा गया

मुख्य अतिथि राहुल गुप्ता विशिष्ट अतिथि रमेश गुप्ता और राकेश कुमार पांडे को नव अंशिका प्राइड अवार्ड प्रदान किया गया इसके अलावा नीरा लोहानी पूनम पांडे प्रिया गुप्ता समीर कुरैशी अनूप मिश्रा अपूर्व समेत बड़ी संख्या में समाजसेवियों चिकित्सकों और उद्यमियों को सम्मानित किया गया इस मौके पर नक्षत्र होटल के नीरज दबीर सिद्दीकी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बार-बार गाली-गलौज से बढ़ा विवाद, मारपीट में 26 वर्षीय युवक की मौत; दो महिलाओं समेत चार गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र के सभा खेड़ा में गाली-गलौज को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट के दौरान 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक आए दिन पड़ोसियों के घर के बाहर आकर गाली-गलौज करता था। घटना वाली शाम भी वह नशे की हालत में उनके दरवाजे पर पहुंचा था। इसी दौरान विवाद बढ़ने पर मारपीट हो गई। मामले में सभा खेड़ा मजरा कल्ली पश्चिम निवासी मंशा देवी की तहरीर पर पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर में आरोप लगाया गया कि उनके बेटे प्रवीन की पड़ोसियों ने एकजुट होकर मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई।

### किसान पथ अंडरपास से पकड़े गए आरोपी

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किसान पथ अंडरपास के पास से रवि (34), उसके पिता हनुमान (60), हनुमान की पत्नी सवित्री देवी (58) और मनीषा (20) को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक, चारों को मुकदमे की जानकारी देते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### पूछताछ में आरोपियों ने बताई विवाद की वजह

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि प्रवीन आए दिन उनके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करता था। मना करने पर मारपीट करने का आरोप भी उन्होंने लगाया। आरोपियों के मुताबिक, घटना वाली शाम प्रवीन नशे की हालत में उनके दरवाजे पर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। रोकने पर विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। इसी दौरान प्रवीन की मौत हो गई। आरोपियों ने पुलिस को यह भी बताया कि मारपीट में उन्हें भी चोटें आई हैं। पुलिस मामले में घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## वैश्विक बाजार में यूपी के उत्पादों की पहचान का मंच बना यूपीआईटीएस

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा। प्रदेश के एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) प्रदेश के उद्यमियों, कारीगरों और हस्तशिल्पियों को वैश्विक बाजार से जोड़ने का सशक्त मंच बन चुका है। यूपीआईटीएस-2026 के चौथे संस्करण के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि देश-विदेश से बड़ी संख्या में खरीदारों और प्रतिनिधियों की भागीदारी से प्रदेश के उद्यमियों को नए बाजार और कारोबारी अवसर मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि ट्रेड शो में रक्षा, कृषि, उद्योग, ई-कॉमर्स, आईटी, चिकित्सा, अवसंरचना, बैंकिंग, डेयरी, हैंडलूम और टेक्सटाइल समेत विभिन्न क्षेत्रों के 2400 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। 90 से अधिक देशों के 600 से ज्यादा खरीदार आयोजन में शामिल हो रहे हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशंस के सहयोग से विदेशी खरीदारों के साथ बी2बी बैठकें भी हो रही हैं। मंत्री ने कहा कि ई-कॉमर्स, हेल्थकेयर, वित्त, एफपीओ, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फार्मा समेत विभिन्न विषयों पर नॉलेज सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। इससे निर्यातकों, ओडीओपी उद्यमियों, स्टार्टअप, महिला उद्यमियों और छोटे कारोबारियों को अपने उत्पादों की वैश्विक स्तर पर पहुंच बढ़ाने का अवसर मिलेगा। आयोजन में पांच लाख से अधिक फुटफॉल की संभावना है। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक करोड़ से अधिक पंजीकृत एमएसएमई इकाइयां हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं। इन इकाइयों में तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान और प्लेज पार्क जैसी योजनाओं के जरिए छोटे उद्यमियों को ऋण, प्रशिक्षण और विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## 8 सहकारी चीनी मिलों को मिला उत्कृष्ट दक्षता पुरस्कार

**सीएम योगी के नेतृत्व में तेजी से शिखर पर पहुंचा गन्ना व चीनी उद्योग**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिखर पर पहुंचे गन्ना व चीनी उद्योग ने नई सफलता अर्जित की है। राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लि. (एनएफसीएसएफ) नई दिल्ली की ओर से डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार समारोह में उत्तर प्रदेश की 08 सहकारी चीनी मिलों को सम्मानित किया गया। संघ की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर देश की सहकारी चीनी मिलों को गन्ना विकास, तकनीकी दक्षता, वित्तीय प्रबंधन और समग्र प्रदर्शन आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं विशिष्ट योगदान के लिए प्रत्येक वर्ष दक्षता पुरस्कार दिए जाते हैं, जिससे सहकारी क्षेत्र की चीनी मिलों की कार्यक्षमता एवं दक्षता में सुधार के साथ-साथ वृद्धि हो सके।



वर्ष 2024-25 के लिए घोषित पुरस्कारों में प्रदेश की दि किसान सहकारी चीनी मिल, स्नेह रोड, नजीबाबाद (बिजनौर) को सभी मानकों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ सहकारी चीनी मिल का प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला। सरजू सहकारी चीनी मिल, बेलरायां (लखीमपुर खीरी) को गन्ना विकास, दि किसान सहकारी चीनी मिल, गजरौला (अमरोहा) को चीनी परता (शुगर रिकवरी) में सुधार एवं बागपत को-ऑपरेटिव शुगर मिल्स लिमिटेड, बागपत को वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया है। इसी प्रकार वर्ष 2025-26 के लिए घोषित पुरस्कारों में भी प्रदेश की चार अन्य सहकारी चीनी मिलों ने परचम लहराया है। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल, मोरना (मुजफ्फरनगर) को गन्ना विकास, रमाला सहकारी चीनी मिल, रमाला (बागपत) तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश की दि किसान सहकारी चीनी मिल, सठियांव (आजमगढ़) को उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता से पुरस्कृत किया गया। दि किसान सहकारी चीनी मिल, पुवायां (शाहजहांपुर) को उत्कृष्ट वित्तीय प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार से नवाजा गया।

इस उपलब्धि पर चीनी उद्योग व गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, अपर मुख्य सचिव वीना कुमारी मीना, गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस., सहकारी चीनी मिल्स संघ के प्रबंध निदेशक मंगला प्रसाद सिंह, संयुक्त प्रबंध निदेशक अमृत पाल कौर ने सहकारी चीनी मिलों के प्रबंध तंत्र एवं कार्मिकों को बधाई दी है।

## मेरठ की रेवड़ी-गजक की विदेशियों ने भी चखी मिठास

**ग्रेटर नोएड।** मेरठ की मशहूर रेवड़ी और गजक की मिठास शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंची। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में शुरू हुए उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में पहली बार बनाए गए ओडीओसी फूड कोर्ट में मेरठ के पारंपरिक खाद्य उत्पादों ने देशी-विदेशी मेहमानों का ध्यान खींचा। स्टाल पर पहुंचे विदेशी प्रतिनिधियों और देश के विभिन्न हिस्सों से आए खरीदारों ने रेवड़ी, गजक और नानखटाई का स्वाद चखा और उत्पादों की जानकारी ली। स्वाद पसंद आने पर कई आगंतुकों ने पैकिंग, कीमत और बाजार में उपलब्धता के बारे में भी पूछताछ की।

ट्रेड शो में पहली बार एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) के लिए विशेष फूड कोर्ट बनाया गया है। मेरठ से ओडीओसी के तहत तीन फर्मों का चयन किया गया है। इनमें एमएच स्वीट सेंटर के हाशिम, स्वीट शॉप के सद्दाम और रेवड़ी-गजक उत्पादक यामीन शामिल हैं। मेरठ के स्टाल पर रेवड़ी और गजक की खुशबू के साथ खरीदारों की आवाजाही शुरू हो गई। कारोबारियों ने स्वाद लेने के साथ उत्पाद की कीमत, पैकिंग और बाजार में उपलब्धता की जानकारी ली। विदेशी प्रतिनिधियों के लिए पारंपरिक तरीके से तैयार रेवड़ी और गजक का स्वाद नया अनुभव रहा। नानखटाई ने भी आगंतुकों को आकर्षित किया। विक्रेता सद्दाम ने बताया कि ट्रेड शो में देश के साथ विदेश से आए लोगों ने भी रेवड़ी और गजक का स्वाद लिया। रेवड़ी-गजक उत्पादक यामीन ने बताया कि स्टाल पर आने वाले लोगों में उत्पादों को लेकर खास उत्सुकता रही। विक्रेता हाशिम ने कहा कि मेरठ की नानखटाई लंबे समय से अपनी अलग पहचान रखती है। ट्रेड शो में मेरठ के उद्यमी सिर्फ बिक्री तक सीमित नहीं हैं, बल्कि देश-विदेश के खरीदारों से कारोबारी संपर्क बनाकर नए बाजार तलाश रहे हैं।

ओडीओसी के इस मंच से रेवड़ी, गजक और नानखटाई को व्यापक बाजार मिलने की उम्मीद है। उपायुक्त उद्योग अमरेश पांडे ने बताया कि रेवड़ी, गजक और नानखटाई के चयनित उद्यमियों को ट्रेड शो में निःशुल्क स्टाल उपलब्ध कराया गया है। उद्यमी यहां उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री करने के साथ संभावित खरीदारों से कारोबारी संपर्क भी कर रहे हैं।

## संक्षेप

### मेले में लगे झूले में बैठने को लेकर की मारपीट

उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के कस्बा हसनगंज निवासी ओम रस्तोगी ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 14 सितंबर की रात करीब 11 बजे वह अपने परिवार के यश रस्तोगी, आयुष रस्तोगी और हिमांशु रस्तोगी के साथ हसनगंज का मेला देखने गया था।जहां झूले पर बैठने को लेकर आशीष सिंह , संजय सिंह,संदीप ,सूरज सिंह , शुभम यादव ,सूरज यादव निवासी हसनगंज ने गाली-गलौज करने लगे।विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी।तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।पीड़ित ने जांच कर कार्यवाही की मांग की।पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की। प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर 6 लोगों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है।जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### ठाकुरद्वारा मंदिर से राधा-कृष्ण की मूर्ति चोरी, जांच में जुटी पुलिस

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के पारा सैदपुर गांव में स्थित प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर से राधा-कृष्ण की मूर्ति चोरी होने से शुक्रवार सुबह हड़कंप मच गया। चोरी गई मूर्ति की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।मंदिर के संरक्षक प्रताप सिंह, निवासी पारा सैदपुर ने सुबह करीब 7:50 बजे डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरवी और आसीवन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया।पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। मंदिर के पुजारी अवध बिहारी (60) पुत्र अज्ञात, निवासी पारा सैदपुरसे भी घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मूर्ति कब गायब हुई और उस दौरान मंदिर परिसर में कौन-कौन मौजूद था।इस संबंध में आसीवन थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि मंदिर से मूर्ति चोरी होने की सूचना मिली है, मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई है और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### जल निकासी न होने से तहसील परिसर में भरा पानी

बांगरमऊ, उन्नाव।स्थानीय तहसील परिसर में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के चलते मामूली बारिश में भी अधिवक्ताओं के बस्तों के आसपास जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। मामूली बारिश में ही परिसर के विभिन्न स्थानों पर पानी एकत्र हो जाता है। इससे अधिवक्ताओं के साथ तहसील में अपने मुकदमों की पैरवी और अन्य कार्यों के लिए आने वाले वादकारियों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है।अधिवक्ता रामभरोसे वर्मा का कहना है कि तहसील परिसर में लंबे समय से जल निकासी की समस्या बनी हुई है। बारिश होने पर पानी रास्तों और बस्तों के आसपास भर जाता है। जिससे लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार अधिवक्ताओं को अपने बस्तों तक पहुंचने में भी दिक्कत होती है। जलभराव के कारण परिसर में गंदगी और फिसलन की स्थिति भी बनी रहती है।अधिवक्ता विनोद यादव, महमूद आलम, मुजम्मिल अहमद व अमित यादव आदि ने उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया और तहसील परिसर में जल निकासी की स्थायी एवं उचित व्यवस्था कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि नालियों की सफाई के साथ जल निकासी के लिए आवश्यक कार्य कराया जाए, ताकि बारिश के दौरान वादकारियों और अधिवक्ताओं को परेशानी न हो।

# बैसाखी छीनने के आरोप से गूंजी राजधानी, पेंशन के सवाल पर ईको गार्डन में उमड़ा शिक्षक-कर्मचारी सैलाब

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण समाप्त करने और शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से राहत देने की मांग को लेकर शुक्रवार को लखनऊ के ईको गार्डन में अटेवा-एनएमओपीएस की प्रदेश स्तरीय महारैली में शिक्षक-कर्मचारियों का बड़ा जमावड़ा हुआ। भारी बारिश के बावजूद प्रदर्शनकारी डटे रहे। रैली में पुरानी पेंशन को सामाजिक सुरक्षा का आधार बताते हुए सरकार से तत्काल निर्णय की मांग उठाई गई।

विजय कुमार बंधु की हुंकार ने पूरे आंदोलन को धार दी। उन्होंने बारिश के बीच जुटे शिक्षक-कर्मचारियों की भावना को सरकार तक पहुंचाने और पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग प्रमुखता से उठाई।

उन्नाव की भागीदारी इस शक्ति प्रदर्शन का प्रमुख केंद्र रही। जनपद से करीब एक हजार शिक्षक बसों और निजी वाहनों से ईको गार्डन पहुंचे। अटेवा उन्नाव संयोजक अर्पित मिश्र, संजीव संखवार, कृष्ण शंकर मिश्र आदि ने जिले की भागीदारी को नेतृत्व दिया। जूनियर शिक्षक संघ के संजय कनौजिया तथा प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार, मंत्री प्रदीप वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अमित तिवारी सहित हजारों शिक्षक मौजूद रहे प्रांतीय कार्यकारिणी से प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह, महामंत्री आशुतोष मिश्र, पंकज यादव, महेंद्र मिश्र और दिनेश कुमार भी धरने में पहुंचे। ईको गार्डन के आसपास के क्षेत्रों में भी भीड़ का व्यापक असर दिखाई दिया। आलमबाग से कैंट तक यातायात प्रभावित होने जैसी स्थिति बनी। धरने की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर तेजी से प्रसारित हुए और आंदोलन की गूंज डिजिटल मंचों पर भी दिखाई दी। सबसे मार्मिक दृश्य सोनभद्र से पहुंचे दोनों पैरों से दिव्यांग कर्मचारी का रहा। उनका कहना था, ॢभगवान ने मुझे अपाहिज बनाया, लेकिन शिक्षक बनकर परिवार पाल रहा हूं। सरकार कर्मचारियों को विकलांग बनाकर उनकी बैसाखी तक छीन रही है।संजीव संखवार ने पुरानी पेंशन को कर्मचारियों के सुरक्षित बुढ़ापे का आधार बताया। अर्पित मिश्र ने शिक्षक-कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को गंभीरता से लेने की मांग की। महिला शिक्षिका रीता कुशवाहा ने सवाल उठाया कि जब माननीयों की आने वाली पीढ़ियों तक का भविष्य सुरक्षित है, तो कर्मचारियों के घर के चूल्हे की चिंता क्यों नहीं? धरने में राजकरण, रीता कुशवाहा, नरेंद्र सिंह, राजू, पुलकित, सुरेंद्र कनौजिया, सूफियान, उपेंद्र, प्रदीप यादव, सुरेंद्र प्रकाश, राजबहादुर, अंजू, पवन, अनूप, दिलीप, कल्पना और कौशल समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-कर्मचारी शामिल रहे। मूसलाधार बारिश के बीच ईको गार्डन में जमा भीड़ ने पेंशन के मुद्दे को राजधानी के सार्वजनिक विमर्श में फिर मजबूती से ला खड़ा

# गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों संग प्रतिमा विसर्जन, बारिश के बीच बच्चों ने फोड़ी मटकी

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। आदर्श नगर पंचायत भगवंतनगर में नव युवक गणेश पूजा कमेटी के तत्वावधान में आयोजित 27वें गणेश महोत्सव का अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर भव्य एवं श्रद्धापूर्ण माहौल में समापन हो गया। पिछले आठ दिनों से चल रहे इस धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की गई तथा प्रतिमा का विसर्जन कर बप्पा को भावभीनी विदाई दी गई। गणेश पूजा पंडाल से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। लगातार हो रही तेज बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। अबीर-गुलाल की बौछार और ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते श्रद्धालुओं की शोभायात्रा पूजा स्थल से शुरू होकर पक्का तालाब और पुलिस



चौकी चौराहा होते हुए बाबा गजरेश्वर मंदिर झूली स्थित सरोवर पहुंची। रास्ते भर 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान रहा। इसके बाद सरोवर में पूरे विधि-विधान के साथ प्रतिमा का विसर्जन संपन्न हुआ। बारिश के बावजूद उत्सव का रंग फीका नहीं पड़ा और वार्ड नंबर 9 के छोटे बच्चों व स्थानीय युवाओं ने ही कमान संभाली। युवाओं की टोली ने बारिश के बीच ही गगनचुंबी मानव पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ी। राजा सोनी ने मटकी फोड़कर बाजी मारी। इस प्रतियोगिता में शिव, दिवाकर, सौरभ, कल्लू, शुभ और जय आदि बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई, जिन्हें समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। विसर्जन कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत चेयरमैन आशीष शुक्ला, क्षितिज तिवारी, आकाश सविता, रमन तिवारी, नितिन बाजपेयी, नयन पांडे, राम जी शुक्ला, राजेन्द्र कसेरा, प्रभांशु,शिखर तिवारी सहित बड़ी संख्या में बच्चे व बुजुर्ग मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष अर्पित दुबे, बाबू सोनी, कृष्ण कुमार , शिवम दीक्षित और शुभम दीक्षित का विशेष योगदान रहा।

# राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हुआ विद्यालय परिसर, विद्यार्थियों और स्टाफ ने किया सामूहिक गायन

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। वंदे मातरम अपने 150वें जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है। यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की संघर्ष यात्रा, स्वतंत्रता संग्राम में करोड़ों भारतीयों के त्याग, तपस्या और बलिदान की पवित्र भावना को अपने भीतर समाहित करने वाला राष्ट्रगीत है। यह गीत देशवासियों के कोटि-कोटि कंठों से गूंजकर राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को मजबूत करता रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, न्योतिनी,में वंदे मातरम के महत्व और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया। इसके बाद विद्यालय परिवार और छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। सामूहिक गायन के दौरान पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति की भावना से गूंज उठा। विद्यार्थियों में देश के प्रति सम्मान, प्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना देखने को मिली। कार्यक्रम ने विद्यालय परिवार के सदस्यों और विद्यार्थियों को भारत के गौरवशाली स्वतंत्रता संघर्ष तथा राष्ट्रगीत के महत्व से भावनात्मक रूप से जोड़ा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना त्रिपाठी, रुचि सिंह, सतीश, ऋतिक चौरसिया सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मंडी कर्मचारी से मारपीट, कनपटी पर तानी रिवॉल्वर; मंडी सहायक पर गंभीर आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



बांगरमऊ, उन्नाव। कृषि उत्पादन मंडी समिति बांगरमऊ में एक कर्मचारी के साथ गाली-गलौज, मारपीट और कनपटी पर रिवॉल्वर तानकर जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित कर्मचारी ने शुक्रवार को मंडी सचिव को लिखित शिकायती पत्र सौंपकर आरोपी मंडी सहायक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस घटना के बाद से मंडी कर्मचारियों में दहशत और रोष का माहौल है।

मंडी समिति के कर्मचारी फूलचंद्र गौतम ने अपनी शिकायत में बताया कि गुरुवार शाम वह मंडी कार्यालय पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद मंडी सहायक दीपक पांडेय ने बिना किसी उकसावे के उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब फूलचंद्र ने इसका विरोध किया, तो आरोपी दीपक पांडेय ने कार्यालय का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की।

### कनपटी पर सटाई रिवॉल्वर, दी जान से मारने की धमकी

पीड़ित का सबसे गंभीर आरोप यह है कि मारपीट के दौरान मंडी सहायक दीपक पांडेय ने उनकी कनपटी पर रिवॉल्वर तान दी और भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस घटना से पीड़ित कर्मचारी बेहद डरा और सहमा हुआ है।घटना के अगले दिन शुक्रवार को पीड़ित फूलचंद्र गौतम ने मंडी समिति के सचिव पंकज राठौड़ को पूरे मामले की लिखित तहरीर दी। इसमें मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी विभागीय और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।वहीं, इस पूरे प्रकरण पर मंडी समिति के सचिव पंकज राठौड़ ने बताया कि कर्मचारी की ओर से शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है।मारपीट और रिवॉल्वर दिखाने जैसे गंभीर आरोपों की गहनता से जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कोर्ट के आदेश पर एस डी एम ने अहमदपुर वादे गांव में अवैध मजार हटवाई!



**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गांव अहमदपुर वादे में प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है ! जिसमें हसनगंज उपजिलाधिकारी तेजतर्रार एवं न्यायप्रिय उप जिलाधिकारी शालिनी सिंह तोमर ने कोर्ट के आदेशानुसार चार सदस्यीय टीम गठित कर गांव में बनी अवैध मजार को हटवाने की कार्रवाई की है ! जबकि सच्चाई यह है, कि पूरे गांव में मुस्लिम समुदाय का एक भी व्यक्ति नहीं रहता है, और ग्रामीणों द्वारा दिए गए बयानों में यह कहा गया है, कि, अहमदपुर वादे गांव में पहले भी किसी मुस्लिम व्यक्ति का कोई निवास नहीं रहा है ! शरारती तत्वों द्वारा गुमराह कर मजार बनवाने का प्रयास किया गया था। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा !

# छोटे नोटों की कमी से बाजार में बढ़ी परेशानी, फुटकर देने में आनाकानी कर रहे दुकानदार

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। कस्बे के बाजारों में इन दिनों छोटे नोटों और पर्याप्त फुटकर रकम की कमी के चलते आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खरीदारी के दौरान दुकानदारों और ग्राहकों के बीच फुटकर पैसों को लेकर अक्सर असहज स्थिति पैदा हो रही है। कई दुकानदार पर्याप्त फुटकर न होने का हवाला देते हुए छोटे मूल्य के नोट या सिक्के देने में आनाकानी करते नजर आते हैं। स्थानीय बाजार में रोजमर्रा की जरूरत का सामान खरीदने वाले लोगों का कहना है कि सामान की कीमत चुकाने के बाद बची हुई रकम वापस लेने में काफी दिक्कत होती है। विशेषकर 10, 20, 50 और 100 के छोटे नोटों तथा सिक्कों की आवश्यकता सबसे अधिक महसूस की जा रही है। कई बार ग्राहक को सामान की कीमत से अधिक रकम देनी पड़ती है और दुकानदार द्वारा फुटकर उपलब्ध न होने की बात कही जाती है। दूसरी ओर, दुकानदारों का कहना है कि उन्हें भी फुटकर पैसों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर बिक्री के दौरान आने वाले छोटे नोट और सिक्के पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पाते। कुछ दुकानदारों के अनुसार बैंक, एटीएम और अन्य माध्यमों से छोटे मूल्य के नोटों की पर्याप्त उपलब्धता न होने से बाजार में फुटकर रकम का संतुलन प्रभावित होता है। किराना, सब्जी, फल, चाय-नाश्ता, मेडिकल स्टोर और अन्य छोटे कारोबार करने वाले दुकानदारों के लिए यह समस्या अधिक परेशानी वाली है, क्योंकि इन दुकानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े लेनदेन होते हैं।फुटकर पैसे को लेकर कई बार ग्राहक और दुकानदार के बीच बहस की स्थिति भी बन जाती है। ग्राहक का कहना होता है कि खरीदारी की पूरी रकम चुकाने के बाद शेष राशि वापस मिलना उसका अधिकार है, जबकि दुकानदार फुटकर उपलब्ध नहीं होने की मजबूरी बताते हैं। इससे बाजार में खरीदारी करने वाले लोगों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि दुकानदारों और ग्राहकों के पास पर्याप्त छोटे नोट व सिक्के उपलब्ध रहें तो रोजमर्रा के लेनदेन में आसानी हो सकती है। लोगों ने संबंधित बैंकिंग संस्थानों से भी छोटे मूल्य के नोटों की उपलब्धता बढ़ाने की मांग की है। हालांकि बाजार में डिजिटल भुगतान के बढ़ते चलन से फुटकर की समस्या का कुछ हद तक समाधान हो रहा है। मोबाइल के माध्यम से यूपीआई भुगतान करने वाले ग्राहकों को फुटकर की आवश्यकता नहीं पड़ती। इसके बावजूद छोटे दुकानदारों और ऐसे ग्राहकों की संख्या काफी है, जो नकद भुगतान पर निर्भर हैं। विशेष रूप से बुजुर्ग, ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ग्राहक तथा डिजिटल भुगतान का कम इस्तेमाल करने वाले लोगों को नकद लेनदेन में फुटकर की समस्या अधिक महसूस होती है।बांगरमऊ के स्थानीय लोगों ने बैंकों तथा संबंधित अधिकारियों से बाजार में छोटे मूल्य के नोटों और सिक्कों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि रोजमर्रा की खरीदारी में फुटकर की उपलब्धता बेहद जरूरी है। यदि बाजार में 10, 20, 50 और 100 के नोट तथा सिक्के पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें तो ग्राहकों और दुकानदारों दोनों को सुविधा होगी।

# घायल युवक की हुई मौत परिजनो ने लगाया हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में दोस्त के साथ बाइक में बैठकर घूमने निकला एक 22 वर्षीय युवक हड़हा सर्विश रोड निकट संदिग्ध अवस्था में घायल पड़ा मिला ।जिसको उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पूछताछ के लिए एक युवक को हिरासत में लिया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के हड़हा गांव निवासी लाइक अहमद का 22 वर्षीय पुत्र सोहिल गुरुवार शाम गांव के ही अपने एक साथी के साथ बाइक से रैनापुर जाने की बात कहकर निकला था देर रात तक वापस घर न लौटने पर परिजनो ने खोजबीन चालू किया ।बताया जाता है कि देर रात सोहिल हड़हा ओवरब्रिज के पास एक पेड़ के नीचे घायल अवस्था में पड़ा पाया गया। जिसके दाढ़ी के नीचे कटा और कान से खून बह रहा था परिजन उसे आनन फानन सीएचसी लेकर गए जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया ।बताते है कि जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन शव को घर लेकर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर कार्यवाहक थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव , क्षेत्राधिकारी बीघापुर प्रदीप कुमार आईपीएस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिजनों ने अपने पुत्र की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है पुलिस एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है ।मृतक सोहिल पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर का अविवाहित युवक था उसके पिता दुबई में काम करते हैं मृतक भी एक माह पहले दुबई से वापस गांव आया था



# दंगल देखकर लौट रही महिला को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, मौत

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र में गुरुवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसा इंदामऊ चौराहे के पास हुआ, जब महिला दंगल देखकर पैदल घर लौट रही थी।मृतका की पहचान गंगा दुलारी (55) पत्नी गंगा दीन, निवासी ग्राम भोगैत, थाना बीघापुर, जिला उन्नाव के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम गंगा दुलारी गांव के पास इंदामऊ चौराहे पर आयोजित दंगल देखने गई थीं। देर रात दंगल समाप्त होने के बाद वह पैदल घर लौट रही थीं। चौराहे के पास सड़क पार करने के दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई।गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार दोपहर परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।ग्रामीण संजय रावत के अनुसार हादसे के समय कार चालक नशे की हालत में था, हालांकि पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार सवारों को हिरासत में लेकर थाने ले गई है। मृतका के तीन बेटे हैं, घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।परिजनों और ग्रामीणों ने चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिला सशक्तिकरण विषयक गोष्ठी एवं काव्यपाठ का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**




बांगरमऊ, उन्नाव। हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय, रसूलपुर रूरी में हिन्दी एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण विषयक गोष्ठी एवं स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। एक ओर जहां गोष्ठी में नारी सम्मान, समानता और आत्मनिर्भरता पर गंभीर विमर्श हुआ, वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों की कविताओं ने सामाजिक सरोकारों और राष्ट्र चेतना को स्वर दिया।

गोष्ठी में विद्वान अतिथियों एवं शिक्षकों ने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पक्षों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि नारी को शिक्षा, सम्मान, समान अवसर और आत्मनिर्भरता प्रदान करना केवल महिला हित का विषय नहीं, बल्कि एक सशक्त और समतामूलक समाज के निर्माण की आधारशिला है।

गोष्ठी के बाद आयोजित स्वरचित काव्यपाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। किसी कविता में राष्ट्रप्रेम की धड़कन सुनाई दी तो किसी रचना में नारी के संघर्ष और स्वाभिमान की आवाज मुखर हुई। सामाजिक विसंगतियों, युवा चेतना, प्रकृति और मानवीय संवेदनाओं पर प्रस्तुत कविताओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

प्रतियोगिता में छात्र हर्ष श्रीवास्तव, जितेन्द्र, गीतेश पटेल, कौशिक द्विवेदी, आदर्श, आंचल सिंह, प्रतीक श्रीवास्तव, गुड़िया आदि ने अपनी कविताओं को प्रस्तुत कियो

काव्यपाठ के दौरान कई नई प्रतिभाएं सामने आईं, जिनमें भविष्य के कवि और रचनाकार बनने की संभावनाएं दिखाई दीं।

कार्यक्रम ने हिन्दी पखवाड़ा की गतिविधियों में साहित्य, नारी चेतना, सामाजिक सरोकार और युवा प्रतिभा का ऐसा सुंदर संगम प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित सभी लोगों के मन पर गहरी छाप छोड़ी।

इस अवसर पर डॉ. अरविन्द कुमार, विनीत कुमार, डॉ.अनुराग रावत, डॉ.कुलदीप कुमार शुक्ला, डॉ.सुनील कुमार, डॉ. पंकज कुमार मिश्रा, अनिल कुमार आदि ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। अचलगंज ।पंडित प्रताप नारायण मिश्र की जयंती के अवसर पर उनके पैतृक गांव बेथर में गुरुवार की रात्रि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें आए वाणी पुत्रों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित किया। कवि उमाशंकर यादव ने। जय हिंद जय हिंद मातु भारती की जय। अपने तिरंगे में तीनों लोक आ गए ।जिनको तिरंगे और भारती से प्यार नहीं ,ऐसे देश द्रोही कैसे भारत में आ गए। सुनकर देश के प्रति सम्मान प्रकट किया ।कवि रामेश्वर द्विवेदी ने फिरी का है राशन फिरी पेंशन किसान निधि ।हमको निकम्मा कर वोट सुख लेती है। ।बाराबंकी से आई कवियत्री हेमा कीर्ति पाण्डेय ने मोहब्बत की ये डोरी है इसे कमजोर मत करना। मुझे चुपके से मिल लेना कभी भी शोर मत करना। तुम्हारे बिन मेरा जीना मेरा मरना भी है मुश्किल ।मुझे सल्फास दे देना मगर इग्नोर मत करना। सुनाकर आजकल की मोहब्बत की परिभाषा बतलाई ।काकोरी से आए कवि अशोक अग्निपथि ने एक ही अकेली अलबेली खेली मौतसे तो मौत का भी खुद अभिमान डोलने लगा ।सुनाकर क्रांतिवीर शहीद चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि अर्पित किया बाराबंकी के कवि राम किशोर तिवारी ने पंडित प्रताप नारायण जी का वंदन है अभी नंदन है ।जिसको पाकर महक उठी माटी बेथर की चंदन चन्दन सी। सुनकर मिश्र जी को श्रद्धांजलि दी ।कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। अध्यक्षता रामेश्वर द्विवेदी प्रलयंकर ने की संचालन राम किशोर तिवारी ने किया।आयोजक हरि सहाय मिश्र मदन ने आए हुए वाणी पुत्रों का अंग वस्त्र देकर सम्मान किया व आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# अलग अलग गांवों में महिला व युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी अपनी जीवन लीला की समाप्त

**अमन लेखनी समाचार**



औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव में पारिवारिक कलह के चलते एक महिला एवं एक युवक फांसी के फंदे पर झूलते हुए मिले ।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### पहली घटना में

हाथीखेड़ा मजरा पूराचांद गांव निवासी उमाकांत की 34 वर्षीय पत्नी मालनी श्रीवास्तव ने गुरुवार शाम लगभग 7बजे घर के अंदर कमरे की कच्ची छत में लगी धन्नी से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गई ।घटना के समय मृतिका घर पर बच्चों के साथ अकेली थी ।जबकि पति लखनऊ ऑटो चलाने गया था ।परिजनों ने बताया कि मृतिका मंद बुद्धि की थी और इसके पहले भी फांसी लगाने की कोशिश कर चुकी थी लेकिन लोगों ने बचा लिया था। मृतिका अपने पीछे रूपांशी 12वर्ष,ऋतिक 10वर्ष ,दिव्यांशी 4वर्ष व लाडो 2माह के बच्चों को छोड़ गई है ।पति उमाकांत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### वहीं दूसरी घटना में

बरादेव गांव निवासी आशू 25वर्ष पुत्र नन्हक्के मौर्या पारिवारिक कलह के चलते शुक्रवार सुबह लगभग 8बजे गांव के बाहर पश्चिम तरफ बने कूड़ाघर में लगी टीनशेड के लोहे के एंगल में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया ।सुबह जब ग्रामीणों ने उसे फांसी पर झूलता हुआ देखा तो परिजनों को सूचना दी ।युवक की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया ।मृतक आशू की अभी तीन माह पहले ही शादी हुई थी ।मृतक के दो भाई एवं चार बहनें हैं ।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर कर पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ।प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।तहरीर मिलने पर घटना की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## सम्पादकीय

# महंगाई पर राहत, लेकिन जमाखोरी पर सख्ती जरूरी

त्योहारी सीजन में केंद्र सरकार ने तेल आयात शुल्क में कटौती कर खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों से परेशान आम उपभोक्ताओं को कुछ राहत दी है। इससे रसोई का बजट कुछ कम होगा। सरकार ने क्रूड सोयाबीन और क्रूड पाम ऑयल पर मूल सीमा शुल्क 10% से घटाकर 5% कर दिया है। क्रूड सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क पूरी तरह खत्म कर दिया है। वहीं, रिफाइंड सोया और पाम ऑयल पर शुल्क 32.5% से घटाकर 27.5% तथा रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर 32.5% से घटाकर 22.5% किया है। इसका मकसद आयात लागत कम करके घरेलू बाजार में खाद्य तेलों की उपलब्धता बढ़ाना और कीमतों पर दबाव कम करना है। सरकार का यह कदम ऐसे समय आया है, जब खाद्य कीमतों को लेकर चिंता बनी हुई है। अगस्त में खुदरा महंगाई 4.82% रही, जबकि खाद्य महंगाई 5.95% तक पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक में खाद्य महंगाई इससे भी अधिक 7.1% रही। महंगाई के इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों का दबाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। ऐसे में खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कमी उपभोक्ताओं के लिए राहत का माध्यम बन सकती है। भारत खाद्य तेल की अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करता है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में पाम, सोया और सूरजमुखी तेल की कीमतों में होने वाला उतार-चढ़ाव सीधे घरेलू बाजार को प्रभावित करता है। इसके अलावा रुपये की विनिमय दर भी आयात लागत पर असर डालती है। कमजोर रुपया विदेशी बाजार से तेल खरीदना महंगा कर सकता है। ऐसे माहौल में आयात शुल्क में कमी से आयातकों की लागत घटने की संभावना है और इसका लाभ आगे उपभोक्ताओं तक पहुंच सकता है। यहीं सबसे महत्वपूर्ण सवाल खड़ा होता है कि शुल्क में कमी का वास्तविक लाभ आम आदमी को कब और कितना मिलेगा? सरकार ने आयात पर शुल्क घटा दिया, मगर बाजार में खुदरा कीमतें उसी अनुपात में कम हों, यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है। इसलिए सरकार को कीमतों की पूरी आपूर्ति श्रृंखला पर नजर रखनी होगी। खासकर त्योहारों के इस मौसम में जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्ती जरूरी है। मांग बढ़ने के समय यदि कारोबारी कृत्रिम कमी पैदा करके स्टॉक रोकते हैं तो बाजार में कीमतें फिर बढ़ सकती हैं। खाद्य तेल की कीमतों का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता। पाम और सोया तेल का इस्तेमाल नमकीन, बिस्कुट, पैकेज्ड खाद्य पदार्थों और बाहर के भोजन में बड़े पैमाने पर होता है। इसलिए तेल महंगा होने पर कई दूसरी वस्तुओं की कीमत भी प्रभावित होती है। हालांकि, आयात शुल्क में कटौती तत्काल राहत दे सकती है, लेकिन स्थायी समाधान घरेलू तिलहन उत्पादन बढ़ाने में ही है। सरसों, सोयाबीन, मूंगफली और सूरजमुखी जैसे तिलहनों का उत्पादन बढ़ाकर देश को आयात पर निर्भरता कम करनी होगी। महंगाई के खिलाफ लड़ाई केवल सरकारी घोषणाओं से नहीं जीती जा सकती। इसके लिए उत्पादन से लेकर आयात, थोक बाजार और खुदरा बिक्री तक पूरी व्यवस्था पर नजर रखनी होगी। खाद्य तेलों पर शुल्क कटौती एक सकारात्मक पहल है, लेकिन इसकी सफलता का पैमाना यही होगा कि इसका लाभ आम उपभोक्ता की रसोई तक जल्दी पहुंचे। सरकार को जहां एक ओर आयात लागत में कमी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाना होगा, वहीं दूसरी ओर जमाखोरी और कालाबाजारी पर भी कड़ा अंकुश लगाना होगा। तभी महंगाई के मोर्चे पर मिली यह राहत वास्तव में आम आदमी की जेब को राहत दे पाएगी।



**मुद्दा**

प्रमोद भार्गव

# मजहबी असहिष्णुता का राग

देश के दस साल उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी ने एक बार फिर ऐसा कटुता भरा बयान दिया है, जो समरसतावादी हिंदू धर्मावलंबियों के लिए आघात देने वाला है। संविधान विशेषज्ञ और लेखक एजी नूरानी की ही 2019 में छपी पुस्तक 'द आरएसएस: ए मीनेस टू इंडिया' का हवाला देते हुए अंसारी ने बताया कि 'जवाहरलाल नेहरू ने चिंता जताई थी कि भारत के लिए साम्यवाद की बजाय हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता एक बड़ा खतरा है।' नूरानी पर केंद्रित इस व्याख्यान में अंसारी ने नागरिक राष्ट्रवाद के स्थान पर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उभार पर भी चिंता जताते हुए कहा कि 'ऐसी प्रवृत्तियां चुनावी बहुमत को धार्मिक बहुमत के रूप में पेश कर सकती हैं।

देश के दस साल उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी ने एक बार फिर ऐसा कटुता भरा बयान दिया है, जो समरसतावादी हिंदू धर्मावलंबियों के लिए आघात देने वाला है। संविधान विशेषज्ञ और लेखक एजी नूरानी की ही 2019 में छपी पुस्तक 'द आरएसएसः ए मीनेस टू इंडिया' का हवाला देते हुए अंसारी ने बताया कि 'जवाहरलाल नेहरू ने चिंता जताई थी कि भारत के लिए साम्यवाद की बजाय हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता एक बड़ा खतरा है।' नूरानी पर केंद्रित इस व्याख्यान में अंसारी ने नागरिक राष्ट्रवाद के स्थान पर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उभार पर भी चिंता जताते हुए कहा कि 'ऐसी प्रवृत्तियां चुनावी बहुमत को धार्मिक बहुमत के रूप में पेश कर सकती हैं और नागरिकों को धर्म के आधार पर अलग कर सकती है।'

अंसारी ने इस तरह का बयान कोई पहली बार नहीं दिया है, वह हिंदू-मुस्लिमों के बीच अलगाववाद के बयान देकर उसे उभारने का निरंतर काम कर रहे हैं। उनका कभी भी दोनों संप्रदायों के बीच एकता बढ़ाने वाला भाव देखने में नहीं आया है। जबकि वह बहुसंख्यक हिंदू समाज ही है, जिसने सामाजिक विविधता का ध्यान रखते हुए उनके दस साल के उपराष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान कभी अस्वीकार्यता नहीं जताई। इसके पहले अंसारी ने अमेरिका की धरती से भी जिस असहिष्णुता के बढ़ने का राग अलापा था, वह उनकी छदम् धर्मनिरपेक्षता के साथ भारत विरोधी सोच को भी उजागर करता है। यह सोच और इस तरह के बयान शर्मनाक हैं। यह बयान भी उन्होंने अमेरिका में आयोजित उस संस्था 'इंडियन-अमेरिकन मुस्लिम आउंसिल' के कार्यक्रम में दिया, जिस पर भारत में दंगे कराने और पाकिस्तानी गुप्तचर संस्था आईएसआई के इशारे पर सांप्रदायिक मजहबी एजेंडा आगे बढ़ाने के आरोप हैं। अंसारी की गिनती अब उन पूर्वाग्रही बौद्धिकों में होती है, जिनका धर्मनिरपेक्षता से कोई सरोकार नहीं है। कई देशों में भारतीय राजदूत रहने के बावजूद उनकी संकीर्ण सोच और धार्मिक कट्टरता बार-बार सामने आती रही है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में देश विभाजन के जिम्मेदार जिन्ना की तस्वीर हटाने के विवाद में हस्तक्षेप कर यह कहकर बचाव किया था कि यदि कोलकाता में विक्टोरिया मेमोरियल हो सकता है, तब एएमयू में जिन्ना की तस्वीर पर ऐतराज क्यों ? वे कोरोना महामारी के संदर्भ में तब्लीगियों और सांप्रदायिक दंगों के लिए कुख्यात पीएफआई का भी बचाव कर चुके हैं।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को अंसारी आक्रामक राष्ट्रवाद का प्रतीक बताते हुए कह रहे हैं, कि 'भारत में धार्मिक बहुमत वाली आबादी को राजनीति में एकाधिकार दे दिया गया है और इस आधार पर धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ावा दिया जा रहा है।' देश के शीर्ष संवैधानिक पदों पर बैठ चुके ऐसे व्यक्ति से यह उम्मीद करना बेमानी हैं कि उन्होंने दायित्व निर्वहन के दौरान अपनी कार्य-संस्कृति में धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का ईमानदारी से निर्वहन किया होगा? गौरतलब है कि मोदी संविधान आधारित लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया का पालन कर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। हमारे यहां वैचारिक पूर्वाग्रह इतने मजबूत हैं कि इनकी जड़ता किसी भिन्न वैचारिकता को उभरने का अवसर मिलते ही अकसर कुंद और संकीर्ण हो जाती है। अतएव कांग्रेस नेता



सलमान खुर्शीद अपनी किताब 'सनराइज ओवरःनेशनहुड इन अवर टाइम्स' में हिंदुत्व की तुलना क्रूरतम आतंकी संगठन बोको हरम और आईएसआईएस से करके अपनी अंदरूनी मजहबी कटरता को फैलाने में कोई संकोच नहीं करते ? इसी क्रम में आग में घी डालने का काम राशिद अल्वी ने भी किया था। उन्होंने कहा कि जय श्री राम का नारा लगाने वाले सब मुनि नहीं घोर निशाचर होते हैं। हिंदुत्व को गलत तरीके से परोसने वाले यही नेता तब मौन रहते हैं, जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजधानी दिल्ली समेत तीन हजार सिखों की हत्या कर दी जाती है और 90 के दशक में पांच लाख से भी ज्यादा हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन मतावलंबियों को रातों-रात कश्मीर में मस्जिदों से यह ऐलान कर कि 'पंडित अपनी बहू-बेटियों को छोड़कर चले जाएं' खदेड़ दिया जाता है। ये लोग कश्मीर के इस्लामीकरण और केरल एवं पूर्वोत्तर राज्यों के ईसाईकरण पर मौन रहते हैं। दरअसल अंसारी समेत ये सब वे चुके हुए नेता हैं, जो अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए अलगाववादी अजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। कमोबेश यही रवैया तथाकथित मार्क्सवादी बुद्धिजीवियों का है। दरअसल, सत्ता परिवर्तन और राष्ट्रवादी विचारधारा की देश की बहुसंख्यक आबादी में बढ़ती स्वीकार्यता से ये लोग बौराकर वैचारिक ध्रुवीकरण की ओर देश को धकेल रहे हैं। यही लोग कांग्रेस, तृणमूल समाजवादी पार्टी के अनर्गल और धर्मनिरपेक्षता विरोधी मंसूबों पर ओंठ सील लेते हैं। इसी का परिणाम है कि पश्चिम बंगाल में इकतरफा मुस्लिम वोट बैंक के बूते राज करने वाली ममता बनर्जी का भाजपा ने सूपड़ा साफ कर दिया। दरअसल संप्रदाय बनाम धार्मिक उन्माद की चिंताएं अपनी जगह एक मर्तबा जायज हो सकती हैं, लेकिन बौद्धिक निष्पक्षता समाज में तभी प्रभावी दिखाई देगी, जब अंसारी जैसे उपराष्ट्रपति रह चुके लोग सांप्रदायिक वैमनस्यता से जुड़ी प्रत्येक घटनाक्रम से मुठभेड़ करते दिखाई दें। यह नहीं कि धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक व्यवस्था में हिंदू सांप्रदायिकता की काट मुस्लिम सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने अथवा उसे सरंक्षण देने में देखी जाए? हमारा संविधान तो वैसे भी केवल हिंदुओं को संरक्षण देने का अधिकार नहीं देता। वह सभी धर्मावलंबियों को आजीविका व प्रगति के समान अवसर देता है। चार पायों पर टिका भारतीय लोकतंत्र इतना मजबूत है कि यहां कोई भी अलोकतांत्रिक नेता या दल लंबे समय तक शासन व्यवस्था में टिका नहीं रह सकता? वैसे भी इतिहास गवाह है कि सांस्कृतिक बहुलतावाद को आसन्न खतरों का सामना तब-तब ज्यादा करना पड़ा है,जब-जब मुसलमानों के हाथों में राजनीतिक सत्ताएं आई हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत जितने भी मुस्लिम देश हैं, सभी में लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित न तो संविधान है और न ही राज्य व्यवस्था ?

दरअसल यह सोच उस इतिहास लेखन का परिणाम है, जो इकतरफा होने के बावजूद पढ़ाया जाता रहा है। मार्क्सवादियों ने यह इतिहास भी स्वतंत्र रूप से नहीं लिखा। अंग्रेज इतिहासकारों और मुगल जीवनीकारों के लेखन से उसका अनुसरण किया। यहां तक कि काल विभाजन का स्वरूप भी वही रखा, जो यूरोपीय इतिहासज्ञों ने फूट डालो और राज करो की नीति के तहत किया था। भारतीय इतिहास को यूरोपियनों ने हिंदू काल, मुस्लिम काल और ब्रिटिश काल में विभाजित किया था। इसे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में बैठे मार्क्सवादियों ने बदलकर क्रमशः प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक भारत कर दिया। इस नाम परिवर्तन से इतिहास के कथानकों और घटनाओं में कोई बदलाव नहीं आया। जबकि इतिहास बदलावों का दस्तावेजीकरण और परिवर्तनों की यथास्थिति की व्याख्या होती है।

**मंथन**

दिनेश शर्मा 'दिनेश'



# संवेदनाओं के शून्य में दम तोड़ते रिश्ते

जिस देश की मिट्टी में श्रवण कुमार की कहानियां रची-बसी हों और बुजुर्गों के अनुभव को किसी भी शास्त्र से ऊंचा दर्जा दिया जाता हो, वहां आज पारिवारिक संस्थाएं ताश के पत्तों की तरह बिखर रही हैं। विकास की गगनचुंबी इमारतों और चमक-दमक वाली जीवनशैली के बीच हमारे घर भले ही आलीशान हो गए हों, लेकिन दिल और रिश्ते लगातार सिकुड़ते जा रहे हैं। बड़े-बड़े आंगनों और संयुक्त परिवारों की जगह अब छोटे-छोटे फ्लैट्स और एकल परिवारों ने ले ली है। इस आधुनिक और भागदौड़ भरी जिंदगी ने समाज को एक ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां हमारे अपने ही बुजुर्ग अनचाहे और अजनबी बनकर रह गए हैं। हर शहर में कुकुरमुत्ते की तरह उगते और आबाद होते 'वृद्धाश्रम' हमारी आर्थिक तरक्की का नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक और नैतिक गिरावट का सबसे खौफनाक प्रमाण हैं। आज के युवाओं की जिंदगी करियर, पैसा, तथाकथित 'प्राइवेसी' और सोशल मीडिया की आभासी दुनिया के इर्द-गिर्द सिमट कर रह गई है।

सफलता की इस अंधी दौड़ में संवेदनाओं, करुणा और कृतज्ञता के लिए जैसे कोई जगह ही नहीं बची है। जिन माता-पिता ने अपनी औलाद को शिक्षित करने, काबिल बनाने और उनके सपनों को पंख देने के लिए अपनी पूरी जिंदगी की जमा-पूंजी और अपनी जवानी दांव पर लगा दी, आज वही औलाद उन्हें अपनी तेज रफ्तार जिंदगी में एक बाधा समझने लगी है। आधुनिकता की आड़ में अकसर यह तर्क दिया जाता है कि बुजुर्गों के विचार आज के जमाने से मेल नहीं खाते। इसी खोखली निजता को बचाने के लिए माता-पिता को या तो गांव के किसी जर्जर मकान में उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है या फिर शहर के किसी वृद्धाश्रम में भेज दिया जाता है। विडंबना देखिए कि जहां आज की औलाद अपने माता-पिता के जीवित रहते उन्हें समय दे ही नहीं पाती, वहीं उनके अंतिम समय में भी जब उन्हें विदा करने की बारी आती है, तब भी उनके पास पहुंचने की जहमत नहीं उठा पाती। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के ओशिवारा इलाके की वह खौफनाक घटना भला कौन भूल सकता है, जहां एक पॉश फ्लैट में 63 वर्षीय आशा साहनी का नरकंकाल मिला था। उनका इकलौता बेटा अमेरिका में एक बड़े पद पर काम कर रहा था। बेटे ने एक साल से ज्यादा समय तक अपनी मां को फोन तक नहीं किया। मां कब मर गई और कब उसका शरीर गलकर कंकाल बन गया, उस 'सफल' बेटे को खबर तक नहीं लगी। क्या ऐसी सफलता का कोई मोल है, जो आपको इंसान से पत्थर बना दे? मथुरा, वृंदावन और काशी की तंग गलियों में ऐसे हजारों बुजुर्ग माता-पिता दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, जिन्हें उनके अपने ही तीर्थयात्रा के बहाने वहां लाए और फिर भीड़ में छोड़कर भाग गए। घर लौटकर इन बच्चों ने अपने मोबाइल नंबर बदल लिए ताकि उनके बूढ़े माता-पिता कभी उनसे संपर्क न कर सकें। जो मां अपने बच्चे को भीड़ में उंगली पकड़कर चलना सिखाती है, वही बच्चा जवानी के नशे में उसी मां को एक अनजान भीड़ में रोता-बिलखता छोड़ आता है। इन वृद्धाश्रमों और आश्रमों की खामोशी में अगर आप कभी कान लगाएं तो आपको अनगिनत सिसकियां सुनाई देंगी। वहां रहने वाले बुजुर्ग अकसर दरवाजे की तरफ टकटकी लगाए देखते रहते हैं कि शायद आज उनका अपना कोई उन्हें गले लगाने आएगा।

यह विचारणीय हो जाता है कि इस भयानक संकट का समाधान क्या है? हमें अपनी शिक्षा और परवरिश के उस मॉडल पर विचार करना होगा जो केवल डॉलर छापने वाली स्वार्थी मशीनें पैदा कर रहा है। बच्चों को बचपन से ही यह सिखाना होगा कि सफलता का असली पैमाना केवल बैंक बैलेंस नहीं, बल्कि एक कृतज्ञ और जिम्मेदार इंसान बनना है। इसके अलावा समाज और सरकारों को मिलकर बुजुर्गों के लिए एक ऐसा मजबूत सपोर्ट सिस्टम तैयार करना होगा जो सिर्फ वृद्धाश्रमों तक सीमित न हो। 'माता-पिता भरण-पोषण अधिनियम' जैसे कानूनों को इतनी सख्ती से लागू किया जाना चाहिए कि कोई भी औलाद अपने बुजुर्गों को बेसहारा छोड़ने की हिम्मत न कर सके। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि समय का चक्र बहुत क्रूर और बलवान होता है।

# संकीर्णता अधर्म है, विष है



संकलित

**दर्शन**

पानी छोटे से पोखर में भी पाया जाता है किन्तु वह प्रायः गन्दा और दुर्गन्ध पूर्ण होता है किन्तु सरोवर में पाया जाना वाला पानी स्वच्छ और अधिक उपयोगी होता है। पोखर छोटा और सरोवर विशाल होता है। मानव का मन भी प्रायः दो तरह का होता है। क्षुद्र और विशाल। क्षुद्र हृदय व्यक्ति बहुत सीमित दायरे में सोचता है। ऐसे व्यक्ति प्रायः कट्टर होते है वे औरों के प्रति असहनशील और ईर्ष्या ग्रस्त होते हैं। सरोवर की तरह उदार हृदय व्यक्ति विशाल दृष्टि कोण लेकर चलते हैं सहिष्णुता उनकी मुख्य विशेषता होती है। वे अपना ही नहीं सभी का अभ्युदय चाहते हैं। संकीर्ण मनोवृत्ति से दूर रहते हैं। ऐसे व्यक्ति समाज और मानवता के लिए वरदान स्वरुप होते हैं। धर्म मूलत, विशाल हृदयी व्यक्ति तैयार करने का काम करता है। मित्ति में सव्व भूएसु, सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम् जैसे धर्म के मौलिक सूत्र है जिन में संकीर्णता का कोई नामो निशान नहीं है किन्तु जब से धर्म में संप्रदायें प्रबल हुई है। धर्म के स्वरुप को भी संकीर्ण बनाने का प्रयत्न किया जाने लगा। संकुचित मनोवृत्ति वाले व्यक्ति साम्प्रयादिकता के ज्यादा पक्ष घर बने रहे उन्होंने धर्म की सारी व्यवस्थाओं को कट्टरता और संकीर्णता के घेरे में बांध लिया। केवल हम और हमारा ये ही ठीक है शेष सभी व्यर्थ है। संकीर्णता की इस भावना ने धर्म की सार्वभौमिकता को तोड़ कर जन जन में भेद भाव की खाई खड़ी कर दी। अन्य धर्म संप्रदायों की बात छोड़िये। जैन धर्म को ही ले लीजिये श्वेताम्बर दिगम्बर स्थानक वासी मूर्ति पूजक तेरा पंथी आदि बड़े बड़े विभाग तो है ही इसमें भी संप्रदाय और उप संप्रदायों का एक विशाल समूह खड़ा है।

# ऐसा काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाए



संकलित

**प्रेरणा**

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मतदाता सूची की शुचिता के साथ संस्थागत पारदर्शिता भी जरूरी

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चल रहा राजनीतिक विवाद अब चुनाव आयोग के भीतर दर्ज आपत्तियों के सामने आने के बाद एक नए चरण में पहुंच गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले दस महीनों में एसआईआर से जुड़ी प्रक्रियाओं और फैसलों पर कम से कम 14 बार लिखित आपत्तियां दर्ज कीं। इन आपत्तियों में नए मतदाताओं के पंजीकरण, मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने चुनावी आंकड़ों तक अधिकारियों की पहुंच तथा तकनीकी व्यवस्था से जुड़े सवाल उठाए गए थे। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यदि दो चुनाव आयुक्तों ने किसी प्रक्रिया पर अपनी असहमति दर्ज कराई है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### आयुष्मान भारत



आयुष्मान भारत की शुरुआत इस सोच के साथ की गई थी कि हर भारतीय को बेहतरीन और किफायती हेल्थकेयर मिल सके। आज, 60 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को सालाना 5 लाख रुपये का हेल्थ कवर मिल रहा है, जिससे यह दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थकेयर स्कीम बन गई है।

- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### वोट चोरी का पर्दाफाश



मैं तीन साल से वोट चोरी का पर्दाफाश कर रहा हूं। अब खुद चुनाव आयुक्त भी इसे मान रहे हैं। ज्ञानेश कुमार ने देशद्रोह किया है। उन्हें तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और सरकारी गवाह बन जाना चाहिए।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### सरकार किसानों के साथ



कम बारिश की वजह से किसान संकट का सामना कर रहे है। आज मैंने वाशिम जिले के मोहागवन में फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया और महिला किसानों की परेशानियाँ सुनी। उन्हें भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी रहेगी।

- **देवेंद्र फडणवीस**, सीएम, महाराष्ट्र

### विपक्ष को हार का डर



ज्यादातर राज्यों में, सत्ता से बाहर हो चुकी कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां ऐसी स्थिति में हैं जिसे 'नाच न जाने आँगन टेढ़ा' कहा जा सकता है। हर चुनाव से पहले, हार के डर से वे ऐसी पटकथा तैयार करने लगते हैं जिससे नतीजों के बाद इज्जत बचाई जा सके।

- **केशव प्रसाद मौर्य**, डिप्टी सीएम, यूपी

## करंट अफेयर

### प्रभावशीलता खो रहीं संयुक्त राष्ट्र संस्थाएं : विशेषज्ञ

संयुक्त राष्ट्र की प्रभावशीलता ( खासकर युद्ध और शांति के मामलों में ) पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। एक प्रमुख भारतीय विशेषज्ञ ने यह बात कही। ओआरएफ अमेरिका के कार्यकारी निदेशक ध्रुव जयशंकर ने कहा कि अब भी कई संस्थाएं महत्वपूर्ण बनी हुई हैं। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र के काम को इसका उदाहरण बताया। जयशंकर ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी संघर्षों के बीच संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि विशेष रूप से युद्ध और शांति के मामलों में संयुक्त राष्ट्र की प्रभावशीलता को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं।




## ऑफ बीट

### 'इंटरवल रनिंग' भी सेहत के लिए बेहद उपयोगी

दौड़ना न केवल बीमारियों से बचाव करता है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इंटरवल रनिंग



वास्तव में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) का एक हिस्सा है, जिसमें तीव्र गति से दौड़ने के छोटे सत्रों के बाद विश्राम या धीमी गति से दौड़ने का समय शामिल होता है। यह पद्धति पिछले कुछ वर्षों में टबाटा और क्रॉसफिट जैसे वर्कआउट्स के ज़रिये लोकप्रिय हुई है। कैसे काम करता है इंटरवल रनिंग : एचआईआईटी में, उदाहरण के तौर पर, 30 सेकंड तक तेज़ गति से दौड़ने के बाद 30 सेकंड का आराम किया जाता है। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई जाती है।

## संक्षेप

### ईसीसीई शिक्षक भर्ती में रैंडम सूची पर सवाल

**अभ्यर्थियों ने मेरिट से चयन की मांग की, 130 पदों के लिए 4104 आवेदन**

अमेठी, बेसिक शिक्षा विभाग की ईसीसीई शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थियों में नाराजगी है। जिले में 130 पदों के लिए 4104 लोगों ने आवेदन किया है। विभाग ने 390 अभ्यर्थियों की रैंडम सूची जारी कर उन्हें 4 अक्टूबर को दस्तावेज जांच और इंटरव्यू के लिए बुलाया है। रैंडम सूची जारी होने के बाद, जो अभ्यर्थी इसमें शामिल नहीं हो पाए, उन्होंने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से शिकायत की है। उनका आरोप है कि सूची बनाते समय मेरिट का ध्यान नहीं रखा गया। कई ऐसे अभ्यर्थी हैं जिनके नंबर ज्यादा हैं, लेकिन उनका नाम सूची में नहीं है। वहीं, कम नंबर वाले अभ्यर्थियों को रैंडम प्रक्रिया से चुन लिया गया है। अभ्यर्थी रेखा मिश्रा ने बताया कि 130 पदों के लिए 4104 आवेदन आए हैं। ऐसे में चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट के आधार पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्यादा नंबर होने के बावजूद सूची में नाम न होने से अभ्यर्थियों में निराशा है। अभ्यर्थियों ने मांग की है कि वर्तमान सूची को रद्द करके नए सिरे से मेरिट के आधार पर सूची जारी की जाए। वहीं, लक्ष्मी मिश्रा ने कहा कि रैंडम सूची के बजाय अभ्यर्थियों की पढ़ाई और तय मानकों के आधार पर मेरिट बननी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से इस मामले की जांच कराकर सही कार्रवाई करने की मांग की है। अभ्यर्थियों ने 4 अक्टूबर को होने वाली दस्तावेज जांच और इंटरव्यू प्रक्रिया पर भी दोबारा विचार करने और सही तरीके से नई सूची जारी करने की मांग की है।

### ऑरेंज अलर्ट पर पुलिस की लापरवाही

**एसपी के निर्देश के बावजूद गांवों में नहीं पहुंची मौसम की चेतावनी**

अमेठी, जिले में भारी बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं की आशंका को देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट 25 सितंबर सुबह 8:30 बजे से 26 सितंबर सुबह 8:30 बजे तक के लिए है। इस स्थिति को देखते हुए अमेठी के पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों और यूपी-112 के पीआरवी वाहनों को निर्देश दिए थे। उन्हें पीए सिस्टम और सायरन के जरिए लोगों तक मौसम संबंधी चेतावनी पहुंचाने को कहा गया था। पीए सिस्टम व सायरन का इस्तेमाल एसपी के आदेश में साफ कहा गया था कि थानों के वाहन और यूपी-112 के पीआरवी वाहन पीए सिस्टम व सायरन का इस्तेमाल करें। इसका मकसद लोगों और उनकी संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए अलर्ट जारी करना था। साथ ही, इस प्रसारण की फोटो और वीडियो भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। एसपी के साफ निर्देशों का पालन-इसके बावजूद ग्रामीण इलाकों से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो पीए सिस्टम से मौसम की चेतावनी दी गई और न ही पुलिस के वाहनों से लोगों को सतर्क किया गया। ऐसे में एसपी के साफ निर्देशों का पालन न होने पर सवाल उठ रहे हैं।

# भारी बारिश के बीच एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने किया घाटों का निरीक्षण

**गणेश प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों का लिया भारी बारिश में जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर एसडीएम मिहीपुरवा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार, 25 सितंबर को भारी बारिश के बीच उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा मोनालिसा जौहरी, सी.ओ. मिहीपुरवा पहुप सिंह व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ गायघाट स्थित सरयू नदी व आदि तट का निरीक्षण कर विसर्जन की तैयारियों का जायजा लिया। एसडीएम ने घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश, सुरक्षा, आवागमन और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मोके पर बुलाकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दोपहर तक पूर्ण कराने तथा विसर्जन के दौरान पर्याप्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीएम ने बारिश के बीच क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित एवं जलभराव वाले क्षेत्रों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर जलभराव और आवागमन की स्थिति देखी तथा संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखने और आमजन की समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेने के निर्देश दिए।

एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षक समस्याओं के निस्तारण को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ क्षेत्रीय इकाई फखरपुर की ओर से 24 सितंबर 2026 को शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी फखरपुर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन संघ के अध्यक्ष मनोज उपाध्याय के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि व्यवहारिक समस्याओं का समाधान होने तक ऑनलाइन छात्र उपस्थिति का दबाव न बनाया जाए। इसके अलावा गणित एवं विज्ञान के नवनियुक्त शिक्षकों के लंबित वेतन का भुगतान, त्रुटिपूर्ण चयन वेतनमान में संशोधन, चयन वेतनमान के अवशेष का भुगतान तथा शिक्षकों की ऑनलाइन व ऑफलाइन सेवापंजिका को अद्यतन किए जाने की मांग की गई।

शिक्षकों ने TET व CTET उत्तीर्ण शिक्षकों की सेवापंजिका में अंकन कराने, विभिन्न कारणों से बाधित शिक्षकों का वेतन निर्गत करने, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों को विद्यालय स्तर तक पहुंचाने की मांग भी रखी। साथ ही परिषदीय विद्यालयों की साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करने, जलभराव वाले विद्यालयों में मिट्टी पटान कराने तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की लंबित एसीपी पत्रावलियों का निस्तारण कराने की मांग की गई।

संघ के मंत्री सुभाष चंद वर्मा ने खंड शिक्षा अधिकारी के समक्ष सभी समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए उनके शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मु. बिलाल अंसारी, संरक्षक निजामुद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष बाबूलाल मौर्य, उपाध्यक्ष यादवेंद्र, लाल चंद सोनी, महेंद्र प्रताप, वलीउर्रहमान अंसारी, लेखाकार रईस अहमद, कार्यसमिति सदस्य दिनेश पोरवाल, सदस्य फखरे आलम, जितेंद्र यादव, कमलेश वर्मा सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# रिफ्लेक्टर के बिना सड़क पर खड़े कैटल कैचर से टकराया ऑटो, चार घायल

**रात के अंधेरे में पंचर वाहन खड़ा होने से हुआ हादसा, स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल**

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। कैसरगंज से रिश्तेदारी में गए परिवार के लोग ऑटो से वापस फखरपुर लौट रहे थे। शुक्रवार रात रूकनापुर के पास सड़क पर पंचर होने के कारण एक कैटल कैचर वाहन खड़ा था। बताया जा रहा है कि कैटल कैचर वाहन रात के अंधेरे में सड़क पर खड़ा था और उस पर रिफ्लेक्टर पट्टी भी नहीं लगी थी। इसी दौरान ऑटो चालक को सड़क पर खड़ा वाहन स्पष्ट दिखाई नहीं दिया और ऑटो अनियंत्रित होकर कैटल कैचर वाहन में जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और ऑटो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। दुर्घटना में फखरपुर निवासी सलमान पुत्र साधू (28), रिजा (8), सलमा (20) और फिज्जू (22) घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। हादसे की सूचना मिलने के बाद घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। घटना के बाद मौके पर कुछ देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय सड़क पर इस तरह बिना रिफ्लेक्टर के वाहन खड़ा रहने से हादसे की आशंका बनी रहती है।

# भारी बारिश के बीच गायघाट सरयू तट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। लगातार हो रही बारिश के बीच भी आस्था के प्रति लोग डटे रहे भारी बारिश में भी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान लोगों की भीड़ देखने को मिली। गायघाट स्थित सरयू नदी के तट पर शुक्रवार को भारी बारिश के बीच गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हुआ। नानपारा, बाबागंज, रुपईडीहा समेत आसपास के करीब 27 स्थानों पर स्थापित गणेश प्रतिमाएं विसर्जन के लिए गायघाट लाई गईं। श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए प्रशासन की ओर से घाट पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं की गईं। गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर शुक्रवार को सीआरओ बहराइच सौरभ दुबे और एसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने अधिकारियों के साथ सरयू नदी गायघाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सरयू नदी के तट और विसर्जन स्थल का जायजा लेते हुए साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, आवागमन तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को विसर्जन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। भारी बारिश के बावजूद गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए श्रद्धालु घाट पर पहुंचते रहे। प्रशासन ने विसर्जन के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से घाट तक पहुंचानेभारी बारिश के बीच गायघाट सरयू तट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हुआ। प्रतिमाओं का विसर्जन देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर ब्रह्मा गोंड, राजस्व निरीक्षक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान राम आधार, एडीओ पंचायत बलहा समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# बारिश और तेज हवाओं ने बढ़ाई किसानों की चिंता, धान-गन्ने की फसलें खेतों में गिरीं

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से अधिक समय से लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेतों में खड़ी धान और गन्ने की फसलें कई स्थानों पर गिरकर जमीन पर बिछ गई हैं। फसल गिरने से किसानों को उत्पादन प्रभावित होने के साथ आर्थिक नुकसान की चिंता सताने लगी है। लगातार बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया है। वहीं तेज हवाओं के कारण पकने की कगार पर पहुंच चुकी धान की फसल कई स्थानों पर खेतों में गिर गई। गन्ने की फसल भी तेज हवा और बारिश के कारण झुक गई है। किसानों का कहना है कि फसल जमीन पर गिर जाने से उसकी गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ कटाई में भी अतिरिक्त मेहनत और खर्च करना पड़ सकता है। किसानों के मुताबिक धान की फसल इस समय काफी महत्वपूर्ण दौर में है। ऐसे में बारिश के साथ तेज हवाओं ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। खेतों में पानी जमा होने से फसल की निगरानी और खेतों तक पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है। कई किसानों का कहना है कि यदि जल्द मौसम साफ नहीं हुआ और बारिश का सिलसिला जारी रहा तो खेतों में खड़ी फसलों को और नुकसान हो सकता है।

किसानों ने बताया कि फसल तैयार करने में उन्होंने पूरे सीजन मेहनत के साथ बीज, खाद, सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों पर काफी खर्च किया है। अब फसल तैयार होने के समय मौसम खराब होने से उन्हें नुकसान की आशंका सता रही है। गिर चुकी फसल को दोबारा संभालना भी किसानों के लिए चुनौती बना हुआ है।

# गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन, सफाई व्यवस्था को लेकर उठे सवाल

**सफाई व्यवस्था से नाराज समिति पदाधिकारियों ने किया विरोध, थाना प्रभारी और ईओ के समझाने के बाद निकली विसर्जन शोभायात्रा**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। गणेश उत्सव के समापन अवसर पर शुक्रवार को रुपईडीहा नगर में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पहले नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर गणेश पूजा समितियों के पदाधिकारियों में नाराजगी देखने को मिली। पंडालों के आसपास समय से कूड़ा न उठाए जाने को लेकर समिति के लोगों ने नगर पंचायत की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए विरोध जताया। आजाद नगर स्थित श्री गणेश सेवा समिति के संरक्षक अमित कौशल समेत समिति के पदाधिकारियों ने सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। समिति के लोगों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विसर्जन यात्रा रोक दी। उनका कहना था कि जब तक नगर और पंडालों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं कराई जाती, तब तक प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया जाएगा। मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रुपईडीहा हरेंद्र मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव भी मौके पर पहुंचे और समिति के पदाधिकारियों व श्रद्धालुओं से बातचीत की। थाना प्रभारी ने लोगों को समझाते हुए शांत कराया और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद नगर पंचायत की ओर से सफाई कार्य कराया गया। सफाई व्यवस्था दुरुस्त होने के बाद शाम करीब चार बजे रुपईडीहा नगर में स्थापित गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। प्रतिमाएं नगर भ्रमण करते हुए गायघाट के लिए रवाना हुईं। इस दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल शोभायात्रा के साथ मौजूद रहा और पूरे मार्ग पर निगरानी रखी गई। शांतिपूर्ण माहौल में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन संपन्न हुआ। गणेश पूजा समिति के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत से मांग की कि धार्मिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान सफाई व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। को मिली। पंडालों के आसपास समय से कूड़ा न उठाए जाने को लेकर समिति के लोगों ने नगर पंचायत की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए विरोध जताया। आजाद नगर स्थित श्री गणेश सेवा समिति के संरक्षक अमित कौशल समेत समिति के पदाधिकारियों ने सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। समिति के लोगों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विसर्जन यात्रा रोक दी। उनका कहना था कि जब तक नगर और पंडालों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं कराई जाती, तब तक प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया जाएगा। मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रुपईडीहा हरेंद्र मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव भी मौके पर पहुंचे और समिति के पदाधिकारियों व श्रद्धालुओं से बातचीत की। थाना प्रभारी ने लोगों को समझाते हुए शांत कराया और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद नगर पंचायत की ओर से सफाई कार्य कराया गया। सफाई व्यवस्था दुरुस्त होने के बाद शाम करीब चार बजे रुपईडीहा नगर में स्थापित गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। प्रतिमाएं नगर भ्रमण करते हुए गायघाट के लिए रवाना हुईं। इस दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल शोभायात्रा के साथ मौजूद रहा और पूरे मार्ग पर निगरानी रखी गई। शांतिपूर्ण माहौल में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन संपन्न हुआ। गणेश पूजा समिति के पदाधिकारियों ने नगर पंचायत से मांग की कि धार्मिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान सफाई व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# चैन स्नैचिंग का 72 घंटे में खुलासा, मुठभेड़ में एक बदमाश घायल

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा सवार महिला से मंगलसूत्र छिनैती की घटना का पुलिस ने 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम और थाना फखरपुर पुलिस की संयुक्त टीम की 24 सितंबर की देर रात गांधी घाट-भागल गांव के पास बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में सलमान पुत्र सलीम के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए सीएचसी फखरपुर भेजा गया। वहीं उसके साथी आरिफ उर्फ तस्लीम को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। दोनों आरोपी गोंडा के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 12 बोर का तमंचा, खोखा व जिंदा कारतूस, चोरी की अपाचे बाइक, फर्जी नंबर प्लेट और पीली धातु का मंगलसूत्र बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। घटना की सूचना पर एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने 2 वाहन चोर को किया गिरफ्तार

**चोरी की 2 बाइक बरामद, ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत हुई कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी ,फुरसतगंज पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। दोनों बाइकों की चोरी के मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर उसे कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन चक्रव्यूह चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत फुरसतगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे आरोपी अनीश कुमार (26) को गिरफ्तार किया। वह सुल्तानपुर जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव का रहने वाला है।

कागज नहीं दिखा सका, पूछताछ में चोरी की बाइकें बताईंपुलिस के मुताबिक, अनीश के कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं। इनमें हीरो सुपर स्प्लेंडर और हीरो एचएफ डीलक्स शामिल हैं। आरोपी दोनों बाइकों से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सका। पूछताछ में उसने दोनों मोटरसाइकिलों को चोरी का बताया।

### दोनों बाइकों की चोरी के मामले पहले से दर्ज

जांच में सामने आया कि हीरो सुपर स्प्लेंडर की चोरी के संबंध में सुल्तानपुर के कोतवाली नगर थाने में मुकदमा संख्या 865/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज है। वहीं दूसरी बाइक की चोरी के मामले में फुरसतगंज थाने में मुकदमा संख्या 79/19, धारा 379 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ फुरसतगंज थाने में मुकदमा संख्या 97/26, धारा 411 भादवि के तहत केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सुल्तानपुर और अयोध्या में पहले से 3 मुकदमे

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अनीश के खिलाफ सुल्तानपुर और अयोध्या जिलों में पहले से तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शरदचंद्र मिश्रा, हेड कांस्टेबल अनवर अली, कांस्टेबल देवेंद्र कुमार और अंकित यादव शामिल रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के मामले में वारंटी गिरफ्तार

**पुलिस ने 40 साल के अमृतलाल सरोज को पकड़ा, कोर्ट में किया पेश**



अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ ,पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे वारंटी अमृतलाल सरोज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे उसके घर से पकड़ा और आगे की कानूनी कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट, प्रतापगढ़ द्वारा जारी ऑनलाइन गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के बाद की गई। अमृतलाल सरोज (40) पुत्र महारानीदीन सरोज, निवासी ग्राम कुशहा, थाना महेशगंज, मु.अ.सं. 08/2010 में धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित था। गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने अमृतलाल सरोज को कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मो. शमशेर आलम, हेड कांस्टेबल अमित कुमार, आरक्षी शुभम सिंह और आरक्षी अंकित चौबे शामिल थे।

# क्रेडिट कार्ड से 1.43 लाख की धोखाधड़ी

**बैंक की जांच से पीड़ित असंतुष्ट, पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गौरा गांव में क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 43 हजार 335 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित अंकित श्रीवास्तव के एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति यह लेनदेन हुआ। बैंक और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद भी समाधान नहीं होने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंकित के अनुसार, 10 जून 2026 को दोपहर करीब 1:42 बजे उनके मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 43 हजार 335 रुपये कटने का मैसेज आया। उन्होंने बताया कि इस लेनदेन की उन्होंने कोई अनुमति नहीं दी थी। इतनी बड़ी रकम कटने की जानकारी मिलते ही उन्होंने बैंक के कस्टमर केयर पर शिकायत की, जिसके बाद बैंक ने क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कर दिया। बैंक ने 90 दिन में समाधान का दिया था भरोसा पीड़ित के मुताबिक, बैंक की ओर से शिकायत के समाधान के लिए 90 दिन का समय दिए जाने की बात कही गई थी। इसके बाद उन्होंने साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी शिकायत दर्ज कराई। अंकित का आरोप है कि 13 जुलाई को बैंक की ओर से मैसेज भेजकर बिना किसी नतीजे के जांच बंद करने की जानकारी दी गई।

### बैंक ने रकम जमा करने को कहा

अंकित के अनुसार, जांच बंद किए जाने की जानकारी मिलने के बाद बैंक की ओर से उनसे यह रकम जमा करने के लिए कहा जाने लगा। उन्होंने बैंक से क्रेडिट कार्ड से हुए लेनदेन की जानकारी और समाधान मांगा, लेकिन उचित कार्रवाई नहीं होने पर आसपुर देवसरा थाने में शिकायत दी।

### पुलिस लेनदेन से जुड़े साक्ष्य खंगाल रही

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब क्रेडिट कार्ड से हुए लेनदेन, उससे जुड़े विवरण और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

## संक्षेप

### दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी पकड़ा गया

**बागपत में हरचंदपुर निवासी गिरफ्तार, कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज**

बागपत ,पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई जिले में अपराधों की रोकथाम और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरचंदपुर गांव के रहने वाले साहिर पुत्र अजीज उर्फ लूला के तौर पर हुई है। वह कोतवाली बागपत थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी साहिर के खिलाफ कोतवाली बागपत थाने में केस नंबर 627/26 दर्ज है। उस पर बीएनएस की धारा 191(2), 351(2), 64(1), 115(2), 352 और 333 के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराधों पर नियंत्रण और अलग-अलग मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कोतवाली बागपत पुलिस टीम ने यह गिरफ्तारी की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ थाने में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले से जुड़े दूसरे तथ्यों की भी जांच कर रही है। कार्रवाई पूरी होने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधों में शामिल आरोपियों और फरार लोगों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। हालांकि, लगाए गए आरोपों की पुष्टि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही होगी।

### एडिशनल एसपी ने निवाड़ा बॉर्डर चौकी का निरीक्षण किया

**पुलिसकर्मियों को दिए जरूरी निर्देश, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी**

बागपत ,एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने गुरुवार और दरमियानी रात निवाड़ा बॉर्डर चौकी का अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिसकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने देर रात चौकी पहुंचकर रिकॉर्ड के रखरखाव की जांच की। उन्होंने अपराधियों की गिरफ्तारी और अपराध नियंत्रण के लिए चल रहे अभियानों की समीक्षा भी की। इसके साथ ही उन्होंने यमुना तट का भी निरीक्षण किया। प्रवीण सिंह चौहान ने पुलिसकर्मियों को सुरक्षा को लेकर खास निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बॉर्डर चौकी पर विशेष निगरानी रखी जाए और हरियाणा की तरफ से आने वाले संदिग्ध वाहनों पर कड़ी नजर रखी जाए। बागपत की निवाड़ा बॉर्डर चौकी हरियाणा राज्य से जुड़ती है। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से यह अंतरराज्यीय चौकी बहुत अहम है।

### त्योहारी सीजन से पहले ट्रैफिक पुलिस का एक्शन

**जेलचुंगी-अब्दुल्लापुर रोड पर अतिक्रमण हटाया, दुकानों का दायरा तय किया**

मेरठ ,त्योहारी सीजन से पहले ट्रैफिक पुलिस ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। शाम करीब 6 बजे टीम जेलचुंगी चौराहे पर पहुंची। यहां से अब्दुल्लापुर की ओर जाने वाले मार्ग पर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम को देखते ही दुकानदारों में खलबली मच गई। कई लोगों ने सड़क पर रखा सामान खुद ही समेटना शुरू कर दिया।

## नशे में धुत शराबी ने भगवान शिव पार्वती की मूर्ति उखाड़ कर फेंका

**प्रशासन की पूछताछ के बाद धान के खेत में मिली मूर्तियां**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर ,जनपद के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कोरसम में एक बगीचे में स्थापित पातालेश्वर महादेव मंदिर से मां गौरा तथा भगवान शिव की मूर्ति अचानक गायब हो गई मिली जानकारी के अनुसार विगत रात्रि गुरुवार प्रात शुक्रवार को मंदिर से शिवलिंग तथा मैया पार्वती की मूर्ति गायब हुई जहां प्रातः काल शुक्रवार को मंदिर पूजा करने पहुंचे ग्रामीण बाबू सिंह उर्फ फौजी ने देखा कि मंदिर से मूर्तियां गायब है उन्होंने शोर मचाया और भारी भीड़ इकट्ठा हो गई वही लोगों ने पुलिस प्रशासन को सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने अन्य लोगों से जानकारी ली जहां लोगों ने प्रशासन को बताया कि विगत दिवस गुरुवार शाम समय गांव के नागरिक शंकर सिंह जो शराब के नशे में धुत था उससे कुछ कहा सुनी हुई जहां शंकर ने धमकी भी दी वहीं ग्रामीणों द्वारा की गई संका के आधार पर प्रशासन ने ग्रामीण शंकर सिंह को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की पूछताछ के दौरान शंकर सिंह ने मूर्तियों को उखाड़ने तथा गांव के मुन्ना सिंह के धान के खेत में फेंकने की बात स्वीकार की प्रशासन ने आरोपी को ले जाकर बताए गए स्थान पर निरीक्षण किया जहां दोनों मूर्तियां बरामद हुई थाना प्रभारी ने मूर्तियों को पुजारी बाबू सिंह उर्फ फौजी को सुपुर्द किया वहीं मिली हुई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की

## विवाह का लालच देकर दुष्कर्मी ने युवती के साथ किया शोषण आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर , जनपद के हथगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्व काल में पंजीकृत मुकदमा के आधार पर मुखबिर द्वारा मिली सटीक जानकारी के आधार पर नजदीकी पुलिस चौकी छिवलहा प्रभारी उत्कर्ष मिश्रा ने गस्त के दौरान खड़े एक युवक से पूछताछ की जहां पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति ने अपना नाम 22 वर्षीय अमर पटेल पुत्र बृजलाल निवासी गांव भेदू थाना बबेरू जनपद बांदा बताया प्रशासन ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया वही जानकारी लेने पर चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपी को मुखबिर की सटीक जानकारी के आधार पर अमिलिया पाल रोड से गिरफ्तार किया गया है आरोपी के ऊपर थाना क्षेत्र की एक युवती ने लिखित तहरीर देते हुए शादी का झांसा देते हुए वर्षों से दुष्कर्म कर विवाह न करने का आरोप लगाया था इसका मुकदमा पंजीकृत है पंजीकृत मुकदमा के आधार पर प्रशासन ने आरोपी को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धूमधाम से मनाया गया विश्व फार्मेसी दिवस

**डबल इंजन की सरकार के दोनों विधायकों ने चिकित्सकों को दी शुभकामनाएं**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद विधानसभा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली प्रांगण में विश्व फामेर्सी दिवस धूमधाम से मनाया गया प्रमुख आयोजक चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बिंदकी विधायक अपना दल यस जय कुमार सिंह जैकी तथा जहानाबाद विधायक भाजपा राजेंद्र सिंह पटेल ने दीप प्रज्वलन कर चिकित्सा के धरोहर के रूप में सुविख्यात फामेर्सी जनक महादेव लाल शर्राफ की प्रतिमा में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया चलते कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों का चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार अनिल शुक्ला समेत अन्य फार्मासिस्ट तथा स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र माल्यार्पण कर सादर आभार व्यक्त किया वही कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक वातावरण नुक्कड़ नाटक आदि प्रस्तुत किए गए जिसे देखकर आम जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा मिली उपस्थित मुख्य अतिथियों ने सेवानिवृत्त फार्मासिस्ट श्रीराम उमराव एवं डॉ रामभक्त वर्मा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर अरुणेश चंद्र फार्मासिस्ट डॉ अनिल शुक्ला खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे डॉ संदीप गुप्ता डॉक्टर विमल डॉक्टर शिखा श्रीवास्तव आर्य कुमार पाण्डेय शुभम ठाकरे समेत भारी संख्या में चिकित्सक स्वास्थ्य कर्मी तथा क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे

## पंचायत के बाद महिला ने जहर खाया

**बच्चों के विवाद में पंचायत ने उसे गलत बताया था, घर में देवर से भी हुआ झगड़ा**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,लोहियानगर थाना क्षेत्र के पिपली खेड़ा में एक महिला ने जहर खा लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि बच्चों के विवाद के बाद हुई पंचायत में महिला को गलत बताए जाने और फिर परिवार में झगड़ा होने से वह परेशान थी।

### बच्चों के विवाद के बाद दोनों परिवारों में झगड़ा

पिपली खेड़ा निवासी मौसीना और शबनम के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। बाद में परिवार के लोगों ने दोनों महिलाओं के बीच समझौता करा दिया। इसके बाद दोनों परिवारों को पंचायत में बुलाया गया। पंचायत में महिला को गलत बताया गया।

### पंचायत के बाद घर में फिर विवाद

पंचायत खत्म होने के बाद महिला के परिवार में भी इसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान उसका अपने देवर से भी झगड़ा हुआ। परिवार में हुए विवाद और पंचायत में खुद को गलत बताए जाने से महिला परेशान हो गई। इसके बाद वह अपने कमरे में चली गई और अनाज में रखने वाली सल्फास की गोली खा ली। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। चक्कर आने के बाद वह कमरे में ही गिर गई। यह देखकर परिवार के लोग घबरा गए और उसे तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।

### पुलिस को शिकायत का इंतजार

थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के सल्फास खाने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर गई थी। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है।

शिकायत मिलने और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कचहरी को घेरे रही पुलिस, हत्यारोपी चकमा देकर कोर्ट पहुंचा

**एक महीने से फरार था बॉक्सर अमर, मुक्के बरसाकर जान ली थी**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ,मामूली रोडरेज से शुरू हुआ विवाद एक युवक की मौत तक पहुंच गया, लेकिन पुलिस आरोपी तक नहीं पहुंच पाई। करीब एक महीने तक फरार चल रहा बॉक्सर अमर गुरुवार को पुलिस को चकमा देकर कचहरी आ गया और कोर्ट में सरेंडर कर दिया। खास बात यह रही कि पुलिस को पहले से सूचना थी कि अमर कोर्ट में आत्मसमर्पण करने वाला है। कचहरी परिसर में सादे कपड़ों समेत फोर्स तैनात थी और घेराबंदी भी की गई लेकिन करीब आठ-दस अधिवक्ताओं के साथ पहुंचा अमर पुलिस की पकड़ में नहीं आया। पुलिस उसके कोर्ट में प्रवेश करने के बाद हाथ मलती रह गई। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 22 अगस्त को सुशीला जसवंत राय अस्पताल के पास हुआ था। न्यू सर्वोदय कॉलोनी निवासी गौरव चौधरी अपने दोस्त सनी के साथ स्कूटी पर जा रहे थे। पीछे से बाइक सवार अमर की बाइक से स्कूटी में टक्कर लग गई। इसी को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद हाथापाई शुरू हो गई। वायरल सीसीटीवी फुटेज में घटनाक्रम कैद है। फुटेज के मुताबिक, धक्कामुक्की के दौरान अमर का हेलमेट भी नीचे गिर गया। इसके बाद अमर ने गौरव और सनी पर मुक्के बरसाने शुरू कर दिए। एक मुक्का गौरव के चेहरे के बायीं ओर लगा, जिसके बाद वह सड़क पर बेसुध होकर गिर पड़े। सनी भी हमले की चपेट में आया लेकिन उसने भागकर खुद को बचाया। भीड़ मौके पर जमा रही लेकिन किसी ने बीच बचाव कराने की जहमत नहीं उठाई। इसके बाद अमर बाइक लेकर वहां से निकल गया।

### एक माह चला इलाज, फिर टूट गई सांसों की डोर

गौरव को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। करीब एक महीने तक अलग-अलग अस्पतालों में उसका उपचार चला। इस दौरान पत्नी बरखा चौधरी की ओर से अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस के मुताबिक अमर पूर्व में बॉक्सिंग का खिलाड़ी रहा है और वर्तमान में ई-कॉमर्स कंपनी में काम करता है। इलाज के दौरान गौरव की हालत लगातार बिगड़ती गई और 22 सितंबर को उसकी मौत हो गई। मौत के बाद पुलिस ने मुकदमे में नियमानुसार धाराओं की बढ़ोतरी की और आरोपी की तलाश तेज कर दी।

## रिटायर्ड नेवी अफसर से लूटपाट का आरोपी ई-रिक्शा चालक अरेस्ट

**पहले अन्य सवारियां उतारीं, फिर सुनसान रास्ते पर लेकर बैग छीन**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,रिटायर्ड नेवी अफसर ब्रिज मोहन शर्मा से 21 सितंबर को हुई लूट का पुलिस नेखुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, वारदात ई-रिक्शा चालक अनस ने की थी। आरोपी ने ब्रिज मोहन शर्मा को प्यारे लाल जिला अस्पताल के सामने से ई-रिक्शा में बैठाया। उस समय ई-रिक्शा में दूसरी सवारियां भी थीं। उसने पहले सामान्य रास्ते पर गाड़ी चलाई। भूमिया का पुल पहुंचने पर दूसरी सवारियों को उतार दिया। इसके बाद ब्रिज मोहन शर्मा ई-रिक्शा में अकेले रह गए। आरोपी उन्हें सुनसान रास्ते पर ले गया। वहां बैग छीन लिया। फिर उन्हें धक्का देकर ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया। धक्का लगने से पूर्व नेवी अफसर सड़क पर गिर गए। उनके कंधे की हड्डी टूट गई। चेहरे और शरीर के दूसरे हिस्सों में भी चोट आई। पुलिस के सामने इस मामले में सबसे बड़ी चुनौती वारदात का सटीक रूट पता करना था। चोटिल होने और घटना के बाद की स्थिति के कारण ब्रिज मोहन शर्मा पुलिस को वह पूरा रास्ता स्पष्ट नहीं बता पा रहे थे, जिस रास्ते से आरोपी उन्हें लेकर गया था। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। एक-एक कैमरे की फुटेज जोड़ते हुए पुलिस उस रास्ते तक पहुंची, जहां से ई-रिक्शा गुजरा था। इसी आधार पर ई-रिक्शा का नंबर ट्रेस किया गया और फिर आरोपी तक पहुंचने का रास्ता साफ हो गया। आरोपी किराये पर लेकर ई रिक्शा चलाता था। पुलिस ने मालिक से संपर्क किया तो उसने पुलिस को आरोपी की आईडी उपलब्ध करा दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। ब्रिज मोहन शर्मा को प्यारे लाल जिला अस्पताल के सामने से ई-रिक्शा में बैठाया गया। ई-रिक्शा में पहले से अन्य सवारियां बैठी थीं।

## सड़क पर उतरे आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता

**आरक्षण बचाओ को लेकर पैदल मार्च निकाला, कलेक्ट्रेट के बाहर भी प्रदर्शन कर नारेबाजी**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता दोपहर को सड़क पर उतर आए। जहां 100 से ज्यादा कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर ही धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके बाद पैदल मार्च निकाला। जहां भीम आर्मी जिंदाबाद के नारे लगाए। यह सभी इंदरगढ़ी से एकत्र होकर आए। हापुड़ रोड पर कलेक्ट्रेट के बाहर पैदल मार्च को लेकर जमकर हंगामा व नारेबाजी हुई। इस दौरान पुलिस ने कार्यकताओं को समझाने का प्रयास किया। कलेक्ट्रेट में मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। इस दौरान कविनगर पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। इससे पहले 14 सितंबर को भी आजाद समाज पार्टी के लोगों ने पैदल मार्च निकाला था।

### आरक्षण बचाने के लिए लड़ाई

आजाद समाज पार्टी के राष्टीय कोर कमेटी के सदस्य गुलजार सिद्दीकी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेकट्रेट पहुंचे। इस दौरान नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने सभी को कलेक्ट्रेट के बाहर ही रोक दिया। जिसके बाद सभी कार्यकर्ता सड़क किनारे बैठ गए।कहा कि आरक्षण बचाने के लिए हमारी लड़ाई लड़ी जा रही है। दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं। आजाद समाज पार्टी के मुखिया और नगरीना सांसद के काफिले पर बाराबंकी में 13 सितंबर को पथराव हुआ। इस मामले में भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सरकार आरक्षण को खत्म करना चाहती हैहरेंद्र सागर ने बताया कि सरकार आरक्षण को खत्म करना चाहती है। हम अपनी मांगों को लेकर प्रदेश में धरना दे रहे हैं। किसी भी कीमत पर पीछे हटने वाले नहीं है। भाजपा सरकार लोकतंत्र को कुचलना चाहती है। वहीं 68500 शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाला संबंधी प्रकरण में पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा दिए गए आदेश का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने की मांग की। जिससे प्रभावित अभ्यर्थियों को नियमानुसार न्याय प्रदान किया जाए।इस मौके पर राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य गुलजार सिद्दीकी, प्रदेश सचिव कपिल आजाद, हरेंद्र सागर, राजकुमार, निजाम चौधरी, डॉ अशोक, गुड्डू सिद्दीकी,राहुल जाटव, यासिर, आसिफ चौधरी और अन्य।

## सपा का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**मकान-दुकान बचाने की मांग पर पुलिस से नोकझोंक और धक्कामुक्की, बड़े आंदोलन की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सपा नेताओं और कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। वे सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई रोकने और लोगों के मकान-दुकान बचाने की मांग कर रहे थे। कमिश्नरी चौराहे से कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ रहे सपाइयों को पुलिस ने डीएम ऑफिस जाने से रोक दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों से बहस और धक्कामुक्की हुई। बाद में प्रशासनिक अधिकारी ने मौके पर ही ज्ञापन लिया।

### डीएम ऑफिस जाने से रोका तो हुआ विवाद

प्रदर्शन में सपा विधायक शाहिद मंजूर, अतुल प्रधान और रफीक अंसारी के अलावा जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गूमी और आदिल चौधरी शामिल रहे। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कमिश्नरी चौराहे से कलेक्ट्रेट की तरफ बढ़े थे। पुलिस ने उन्हें डीएम कार्यालय तक जाने की अनुमति नहीं दी। इसे लेकर कार्यकताओं ने विरोध शुरू कर दिया। इसी दौरान पुलिस और सपाइयों के बीच नोकझोंक और धक्कामुक्की हुई। बाद में प्रशासनिक अधिकारी ने कमिश्नरी चौराहे पर ही ज्ञापन लिया। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मामले में हस्तक्षेप नहीं किया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### अतुल प्रधान बोले- जनता के साथ खड़ी है सपा

सपा विधायक अतुल प्रधान ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नाकामी के कारण मेरठ में दुकानें और मकान तोड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को गुमराह कर रही है। सपा शहर के लोगों के साथ खड़ी है। दुकान और मकान बचाने की मुहिम में पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

### सीलिंग-ध्वस्तीकरण रोकने की मांग

जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गूमी ने कहा कि पार्टी ने मेरठ में सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई बंद कराने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है। उन्होंने भी सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लोगों के घर और कारोबार बचाने के लिए सपा आंदोलन जारी रखेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रदर्शन तक नहीं करने दे रही है। पार्टी नेताओं ने कहा कि इस मुद्दे पर आगे भी आंदोलन किया जाएगा।

## घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**पीड़ित की शिकायत पर कोर्ट के आदेश से 2 महीने बाद केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



जेवर , ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 थाना क्षेत्र के लुक्सर गांव में लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। यहां एक घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चुरा लिया गया। इस मामले में करीब दो महीने बाद पुलिस ने शाम करीब 3 बजे केस दर्ज किया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्हें कोर्ट की मदद लेनी पड़ी। पीड़ित सुखबीर ने पुलिस को बताया कि वह कई महीनों से अपने परिवार के साथ गांव में नहीं रह रहे थे। 12 अगस्त को जब वह अपने गांव स्थित मकान पर पहुंचे, तो देखा कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखे सोने-चांदी के गहने, कीमती चीजें और कपड़े गायब थे। पीड़ित के मुताबिक, चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और ताला तोड़कर चोरी की। सुखबीर का आरोप है कि उन्होंने पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने कोर्ट में अर्जी दी। कोर्ट के आदेश पर शाम 3 बजे पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## तीन लोगों से 26 लाख की ठगी

**गूगल-पे, इंटरनेट बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड से पैसे ट्रांफसर कराए, केस दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, जिले में साइबर ठगों ने चार लोगों से करीब 26.15 लाख रुपए ठग लिए। किसी का मोबाइल हैक कर गूगल-पे से रकम निकाल ली गई तो किसी के खाते से इंटरनेट बैंकिंग के जरिए रुपए ट्रांसफर कर दिए गए। एक मामले में ठग ने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का पुलिसकर्मी बताकर डॉक्टर को युवती के वीडियो और आत्महत्या के फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने चारों मामलों में शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिसकर्मी बनकर डॉक्टर से 8.20 लाख ठगे

डॉ. केके द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति ने खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का पुलिसकर्मी राकेश राठौर बताया। उसने कहा कि कोलकाता की एक युवती ने डॉक्टर के नाम से इंस्टाग्राम और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो पोस्ट किया है। युवती ने आत्महत्या कर ली है और उसके पास मिले पत्र में डॉक्टर का नाम लिखा है। आरोपी ने गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर रुपए मांगे। डॉक्टर के मुताबिक, उन्होंने करीब 8.20 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपी और रकम मांगने लगा। शक होने पर डॉक्टर ने रुपए वापस मांगे तो आरोपी ने संपर्क तोड़ दिया। फोन हैक कर गूगल-पे से 5.94 लाख निकालेग्रेटर नोएडा निवासी यासमीन शाह ने बताया कि 28 मार्च 2026 को उनका मोबाइल हैक कर गूगल-पे के जरिए 5.94 लाख रुपए निकाल लिए गए।

## 30 जगह लगेंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन

**एक साथ 2 कार और 1 दोपहिया होगा चार्ज; प्राधिकरण को हर यूनिट पर 1 मिलेगा**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और प्रदूषण कम करने के लिए 30 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण और के बीच 24 सितंबर को हुआ है।यह 10 साल के लिए किया गया है। जरूरत के मुताबिक इसकी अवधि आगे बढ़ाई जा सकती है। चार्जिंग स्टेशन लगाने का पूरा खर्च वढफएश उठाएगा, जबकि प्राधिकरण इसके लिए जमीन/स्थान उपलब्ध कराएगा। प्राधिकरण की ओर से कोई वित्तीय सहायता नहीं दी जाएगी।

### हर स्टेशन पर कम से कम 2 चार्जर

हर स्थान पर कम से कम दो चार्जर लगाए जाएंगे। इनसे एक साथ दो कार और एक दोपहिया वाहन चार्ज किया जा सकेगा। चार्जिंग में इस्तेमाल होने वाली बिजली के एवज में प्राधिकरण को रेवेन्यू शेयरिंग के तहत प्रति यूनिट 1 रुपए राजस्व मिलेगा।

### इन सेक्टरों में लगेंगे स्टेशन

ईवी चार्जिंग स्टेशन सेक्टर-101, 78, 38 स्थित बॉटेनिकल गार्डन, 76, 51, 119, 21ए, 81, 122, 129 और 132 में प्रस्तावित हैं। इसके अलावा सेक्टर-154, 145, 146, 150, 144, ठरऐ मेट्रो के पास, सेक्टर-18, 27, 29, 1, 38, 50, 15, 2, 24, 96 और 94 में भी चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे।

# एमएलसी प्रतिनिधि ने सीसी सड़क व सोलर पेयजल टंकी का किया उद्घाटन

**अमन लेखनी समाचार**



कचीर। ब्लॉक बामौर की ग्राम पंचायत कचीर में बुंदेलखंड विकास निधि (जिलांश) से मुन्ना जायसवाल के मकान से सत्ती माता मंदिर तक करीब 110 मीटर लंबी निर्मित सीसी सड़क का एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके अलावा एमएलसी निधि से श्रीराम राजा सरकार सिद्धपीठ हनुमान जी महाराज मंदिर परिसर में नवनिर्मित सोलर पेयजल टंकी का भी फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान आर.पी. निरंजन ने कहा कि सीसी सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं मंदिर परिसर में पेयजल टंकी से श्रद्धालुओं को पानी की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही उन्होंने श्री बजरंग बाबा मंदिर प्रांगण में रामलीला मंच व श्रीराम राजा सरकार हनुमान मंदिर में टीन शेड का निर्माण करवाने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर पुष्पेंद्र पटेल भड़ोकर (एमएलसी प्रतिनिधि) अवधेश रिछारिया, श्याम सिंह अस्ता, हरप्रसाद पटेल, शिशुपाल यादव, पुजारी दिनेश तिवारी, दुर्गेश गौतम, आत्माराम यादव (प्रधान खरका), हेमन्त यादव (क्षेत्र पंचायत सदस्य कचीर), रोहित यादव, अंश बुंदेला, प्रभात परिहार, धूराम परिहार, रविंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत ईएसआई ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**करीब 50 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, नि:शुल्क दवाओं का किया गया वितरण**

**अमन लेखनी समाचार**

रेणुकूट। उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को नगर पंचायत रेणुकूट परिसर में ईएसआई डिस्पेंसरी रेणुकूट एवं कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय पिपरी के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य श्रमिकों एवं आमजन को ईएसआई की चिकित्सा सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देने के साथ उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। शिविर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषि मणि त्रिपाठी एवं डॉ. बृजेश कुमार मौर्य ने उपस्थित लोगों को ईएसआई की विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं, उपलब्ध सेवाओं और लाभार्थियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान करीब 50 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों की रक्तचाप, रक्त शर्करा और वजन की जांच करने के साथ चिकित्सकीय परामर्श दिया गया तथा जरूरत के अनुसार नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत रेणुकूट की चेयरमैन ममता सिंह एवं अनिल सिंह ने ईएसआई टीम का स्वागत किया। उन्होंने शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए लोगों से ईएसआई की स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। शिविर के सफल आयोजन में साधना कुशवाहा, शैलेंद्र कुमार शुक्ला, राकेश कुमार एवं शैलेंद्र सोनकर का सक्रिय योगदान रहा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषि मणि त्रिपाठी ने बताया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से श्रमिकों एवं आमजन तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा निवारक एवं प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

# भारी वर्षा, तेज हवाओं एवं वज्रपात की संभावना को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपदवासियों से सतर्कता बरतने एवं सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग, लखनऊ द्वारा 24 सितम्बर 2026 को जारी मौसम पूवार्नुमान एवं चेतावनी के अनुसार गहन अवदाब के प्रभाव से प्रदेश में 24 से 27 सितम्बर के दौरान वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। विशेष रूप से 25 एवं 26 सितम्बर को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ तेज सतही हवाओं एवं वज्रपात की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के प्रभाव आधारित पूवार्नुमान के अनुसार जनपद सोनभद्र में 24 सितम्बर से 25 सितम्बर की सुबह तक भारी वर्षा, तेज झोंकेदार हवाओं तथा मेघगर्जन/वज्रपात की संभावना है। वहीं 25 से 26 सितम्बर के दौरान भी भारी वर्षा तथा 40-50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाओं के झोंके चलने की संभावना जताई गई है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि मौसम खराब होने की स्थिति में अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। विशेष रूप से नदियों, नालों, झरनों, जलाशयों, बांधों, खनन क्षेत्रों, निचले इलाकों एवं जलभराव वाले स्थानों पर जाने से बचें। मौसमी जलधाराओं तथा जलमग्न मार्गों पर विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि वज्रपात की स्थिति में खुले स्थानों, पेड़ों, बिजली के खंभों तथा विद्युत प्रवाहित करने वाली वस्तुओं से दूर रहें और सुरक्षित पक्के भवन में शरण लें। तेज हवाओं एवं वज्रपात के दौरान खिड़की-दरवाजे बंद रखें तथा अनावश्यक यात्रा से बचें। भारी वर्षा के दौरान निचले इलाकों में जलभराव तथा नदियों-नालों एवं जलाशयों के जलस्तर में अचानक वृद्धि हो सकती है। मौसमी नालों एवं जलधाराओं पर बने छोटे पुलों और सड़कों पर जल प्रवाह बढ़ने से आवागमन प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए ऐसे स्थानों को पार करने से बचें। सड़क पर दृश्यता कम होने एवं फिसलन बढ़ने की स्थिति में वाहन चालक गति नियंत्रित रखें तथा जलमग्न सड़कों, पुलों एवं तेज बहाव वाले स्थानों से वाहन निकालने का प्रयास न करें। जिला प्रशासन एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सोनभद्र ने जनपदवासियों से अपील की है कि मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों एवं प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करें, सतर्क रहें, सुरक्षित स्थान पर रहें तथा नदी-नाले, झरने एवं अन्य जलस्त्रोतों के पास जाने से बचें।

खास समाचार

## जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाने की पहल, बिड़ला कार्बन सीएसआर ने बांटे वस्त्र

अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट। सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए बिड़ला कार्बन रेणुकूट के सीएसआर विभाग की ओर से चोपन विकासखंड क्षेत्र के पनारी गांव स्थित जनजातीय टोले में जरूरतमंद परिवारों के बीच उपयोगी वस्त्रों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को मौसम के प्रतिकूल प्रभाव से बचाने के साथ उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने में सहयोग प्रदान करना रहा। बिरला कार्बन के सीएसआर विभाग की ओर से कॉलोनीवासियों के ऐसे उपयोग किए हुए कपड़े एकत्र किए गए, जो अच्छी स्थिति में थे और जरूरतमंदों के उपयोग के योग्य थे। इन वस्त्रों को पनारी गांव के जनजातीय टोले में पहुंचाकर करीब 60 लोगों के बीच वितरित किया गया। इसमें छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को उनकी आवश्यकता के अनुसार कपड़े प्रदान किए गए। सीएसआर विभाग के चिकित्सक डॉ. ए.के. चौधरी एवं निवेदिता मुखर्जी की मौजूदगी में वस्त्र वितरण किया गया। बारिश के मौसम में जरूरतमंद परिवारों के साथ ही आगामी ठंड को देखते हुए गर्म एवं उपयोगी कपड़ों की उपलब्धता उनके लिए काफी मददगार साबित होगी। इस अवसर पर सीएसआर टीम ने कहा कि समाज के जरूरतमंद वर्ग के साथ सहयोग और संवेदनशीलता ही सामाजिक जिम्मेदारी की वास्तविक भावना है। ऐसे प्रयासों से जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलने के साथ उनमें आत्मसम्मान और अपनत्व की भावना भी मजबूत होती है। बिड़ला कार्बन द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत आगे भी जनहित से जुड़े कार्य किए जाने की बात कही गई।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं का विकास खण्डवार प्रचार-प्रसार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि जनपद में दिनांक 17 सितम्बर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का विकास खण्डवार प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अभियान के दौरान शादी अनुदान योजना, पूर्वदशम छात्रवृत्ति, दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी नागरिकों एवं विद्यार्थियों तक पहुंचाई जा रही है। सम्बन्धित विकास खण्डों में ए0डी0ओ0 (स0क0) एवं विभागीय कर्मचारियों द्वारा बैनर एवं पम्पलेट के माध्यम से योजनाओं की पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने पिछड़ा वर्ग के समस्त विद्यार्थियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे विकास खण्ड स्तर पर आयोजित प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ उठाएं।

## देवरिया शाखा नहर में बहता मिला 65 वर्षीय महिला का शव, मचा हड़कंप जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद के भिटौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौली के पास बुधवार शाम देवरिया शाखा नहर में करीब 65 वर्षीय महिला का शव बहता मिलने से सनसनी फैल गई। नहर में शव दिखाई देते ही आसपास मौजूद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना भिटौली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया।

# इंदी छात्रा मौत मामले में जांच जारी, दो नाबालिग गिरफ्तार



**एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात**

**अमन लेखनी समाचार**

गुरसरांय। थाना क्षेत्र के ग्राम इंदी में 21 सितंबर को जहरीला पदार्थ खाने से हुई 19 वर्षीय बीए छात्रा की मौत के मामले में पुलिस जांच जारी है। मृतका के परिजनों ने गांव के छह युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म करने तथा फोटो-वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, मामले में छात्रा के प्रेमी सहित दो नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य नामजद आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कुल छह आरोपियों को नामजद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे हैं। पुलिस का कहना है कि अभी तक किसी मोबाइल से कथित वीडियो नहीं मिला है। एसएसपी झांसी विकास कुमार ने बताया कि मामले के प्रत्येक पहलू की जांच की जा रही है और किसी भी आरोपी को क्लीनचिट नहीं दी गई है। जांच में जिसके खिलाफ साक्ष्य मिलेगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परिजनों का आरोप है कि छात्रा को दुष्कर्म और फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिसके चलते उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन और भाजपा नेता राकेश पाल भी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शासन स्तर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत चुर्क-घुर्मा में गूंजा सेवा और संकल्प का संदेश

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रॉबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के हाइडिल मैदान चुर्क में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन, संघर्ष, सेवा यात्रा एवं देशहित में किए गए कार्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के सार्वजनिक जीवन, देश के विकास एवं जनकल्याण के लिए किए गए विभिन्न कार्यों और उपलब्धियों को रोचक एवं प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। तीन स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों को देखने के लिए बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहा और लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुति को उत्साहपूर्वक देखा। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।

# धान की फसल को कीट एवं रोगों से बचाने के लिए नियमित निगरानी करें किसान

**तना बेधक, फुदका व विभिन्न रोगों से बचाव के लिए कृषि रक्षा विभाग ने जारी की सलाह।**

**कीट-रोग के लक्षण दिखते ही अपनाएं नियंत्रण उपाय, सुरक्षित रखें धान की फसल।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। जिला कृषि रक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने अवगत कराया कि किसान भाई धान की फसल में लगने वाले कीट एवं रोगों से बचाव हेतु नियमित रूप से फसल की निगरानी करें। कीट अथवा रोग के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल अनुशंसित नियंत्रण उपाय अपनाकर धान की फसल को क्षति से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तना बेधक कीट के नियंत्रण हेतु 5 फेरोमोन ट्रैप प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें। इसके अतिरिक्त बाईफेनथिन 10 प्रतिशत ईसी 500 मिलीलीटर, कार्बोफ्यूरान 3 जी 20 किलोग्राम, कारटॉप हाइड्रोक्लोराइड 4 जी 18 किलोग्राम, क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5 प्रतिशत एससी 150 मिलीलीटर अथवा फ्लुबेंडियामाइड 20 प्रतिशत डब्ल्यूजी 125 ग्राम में से किसी एक का निर्धारित मात्रा में प्रयोग करें। हरा, भूरा एवं सफेद फुदका के नियंत्रण हेतु एसिटामीप्रिड 20 प्रतिशत एसपी 100 ग्राम, कार्बोफ्यूरान 3 जी 20 किलोग्राम, फिप्रोनिल 0.3 जी 20 किलोग्राम, इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत 125 मिलीलीटर, थायामेथोक्सैम 25 प्रतिशत डब्ल्यूजी 100 ग्राम अथवा क्लोरपायरीफास 25 प्रतिशत ईसी 1.5 लीटर प्रति हेक्टेयर निर्धारित मात्रा में 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। शीथ ब्लाइट, झोंका रोग एवं भूरा धब्बा रोग के नियंत्रण हेतु कृषि रक्षा अधिकारी ने अनुशंसित फफूंदनाशकों का निर्धारित मात्रा में 500-750 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर छिड़काव करने की सलाह दी। इनमें कार्बण्डाजिम, थायोफिनेट मिथाइल, हेक्साकोनाजोल, प्रोपीकोनाजोल, मैकोजेब तथा एजोक्सीस्ट्रोबिन + डिफेनोकोनाजोल आदि रसायन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जीवाणु झुलसा एवं जीवाणुधारी झुलसा के नियंत्रण हेतु स्ट्रैप्टोमाइसिन सल्फेट 90 प्रतिशत + टेट्रासाइक्लीन हाइड्रोक्लोराइड 10 प्रतिशत 15 ग्राम को कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी 500 ग्राम के साथ मिलाकर प्रति हेक्टेयर 500-750 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों से अपील की कि रसायनों का प्रयोग अनुशंसित मात्रा एवं विधि के अनुसार ही करें तथा फसल में कीट अथवा रोग के लक्षण दिखाई देने पर कृषि विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों से आवश्यक सलाह प्राप्त करें।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की संशोधित समय-सारिणी जारी

**छात्रवृत्ति योजना: नवीनीकरण आवेदन 15 अक्टूबर तक, संस्थानों को सत्यापन के लिए निर्धारित हुई समय-सीमा**

**दशमोत्तर छात्रवृत्ति के आवेदन की तिथियां संशोधित, 31 अक्टूबर तक कर सकेंगे नवीन छात्र आवेदन।**

सोनभद्र। निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान हेतु संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है। संशोधित समय-सारिणी के अनुसार शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की कार्यवाही 26 सितम्बर 2026 तक तथा विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 27 सितम्बर 2026 तक किया जाएगा। छात्र-छात्राओं द्वारा नवीनीकरण आवेदन ऑनलाइन करने एवं हार्डकॉपी संस्थान में जमा करने की अवधि 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित है। नवीन छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन 15 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2026 तक किया जा सकेगा। शिक्षण संस्थान द्वारा नवीन एवं नवीनीकरण आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारण निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार किया जाएगा। विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेन्सी द्वारा नवीन छात्रों का सत्यापन तथा अपात्र छात्र, पाठ्यक्रम एवं संस्था को ब्लॉक करने की कार्यवाही 25 नवम्बर 2026 तक पूरी की जाएगी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं एवं संबंधित शिक्षण संस्थानों से अपील की गई है कि निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए छात्रवृत्ति से संबंधित सभी कार्यवाहियां समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# हज-2027 के चयनित यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग अनिवार्य

**30 सितंबर तक ऑनलाइन अपलोड करना होगा मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र**

**सरकारी चिकित्सा केंद्रों पर होगी स्वास्थ्य जांच।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने बताया कि हज-2027 के चयनित यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण-पत्र के संबंध में हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा सर्कुलर-13, दिनांक 15 सितंबर 2026 जारी किया गया है। चयनित यात्रियों को प्रथम चरण में सरकारी चिकित्सा केंद्र पर स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा। जांच के उपरांत एलोपैथिक चिकित्सक द्वारा निर्धारित प्रारूप पर मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि चयनित हज यात्रियों को मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र, अग्रिम जमा धनराशि की रसीद एवं अन्य आवश्यक अभिलेख 30 सितंबर 2026 तक हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। इसके अतिरिक्त आवश्यक दस्तावेज 01 अक्टूबर 2026 तक उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। विदेशों में निवास कर रहे एनआरआई हज यात्री संबंधित देश के सरकारी चिकित्सालय में मेडिकल स्क्रीनिंग कराकर आवश्यक रिपोर्ट निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रेषित अथवा अपलोड करेंगे। उन्होंने सभी चयनित यात्रियों से निर्धारित समयसीमा में मेडिकल जांच पूर्ण कर प्रमाण-पत्र एवं जांच रिपोर्ट सुरक्षित रखने की अपील की, ताकि द्वितीय चरण की मेडिकल जांच के समय आवश्यकता पड़ने पर इन्हें प्रस्तुत किया जा सके।

# अनपरा पुलिस द्वारा 178.92 लीटर शराब के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**हुंडई क्रेटा कार (अनुमानित कीमत 12 लाख रुपये) से रॉयल स्टैग एवं मैकडॉवेल ब्रांड की शराब बरामद।**

**कुल बरामदगी की अनुमानित कीमत लगभग 14.30 लाख**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में ₹ऑपरेशन शुद्धि₹ के तहत अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना अनपरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 23.09.2026 को थाना अनपरा पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग तथा अपराधियों की तलाश के दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मध्य प्रदेश की तरफ से सफेद रंग की हुंडई क्रेटा कार संख्या हइ02अल8692 में अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन की जाएगी। प्राप्त सूचना पर अनपरा पुलिस टीम द्वारा मध्य प्रदेश बॉर्डर की तरफ चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दीपक सिंह के प्राइवेट वाहन/ट्रक खड़े करने के आहाता के पास ग्राम औड़ी मोड़ टोला दुल्लापाथर थाना अनपरा अन्तर्गत सड़क किनारे बाईं तरफ सुनसान स्थान पर उक्त सफेद रंग की क्रेटा कार खड़ी दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा कार को चेक किया गया तो उसमें बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अजय कुमार सिंह उर्फ झगड़ू बताया। वाहन की तलाशी लेने पर पीछे की सीट से 03 पेटी रॉयल स्टैग 750 एमएल की कुल 36 बोतल एवं 03 पेटी मैकडॉवेल 180 एमएल की कुल 144 बोतल तथा डिग्गी से 14 पेटियों में कुल 336 बोतल रॉयल स्टैग 375 एमएल बरामद हुईं। बरामद शराब पर ह्लऋड्ड१ रीॅल्ल टॅंट ढर्शीरॅं डल्ल८ह्व एवं ह्लऋड्ड१ री ॅल्ल वल्लङ्कल्ल ळी११३ङ्क८ उँल्लॉरॅं डल्ल८ह्व अंकित पाया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर आरोपी अजय कुमार सिंह उर्फ झगड़ू को समय करीब 20:07 बजे औड़ी मोड़ दुल्लापाथर मध्य प्रदेश बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया। अवैध अंग्रेजी शराब की बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार थाना अनपरा पर मु0अ0सं0-196/2026 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। प्रकरण में अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है गिरफ्तार आरोपी अजय कुमार सिंह उर्फ झगड़ू से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह भाड़े पर हुंडई क्रेटा कार लेकर मध्य प्रदेश गया था तथा वापसी के दौरान मध्य प्रदेश के सिंगरौली स्थित सरकारी ठेके से अंग्रेजी शराब लोड कर बिहार बॉर्डर की किसी ढाबे पर बेचकर अधिक पैसा कमाने के लालच में लेकर जा रहा था। इस प्रकार अवैध शराब का परिवहन कर लाभ कमाने का कार्य वह पहली बार कर रहा था।

# कचीर में धूमधाम से निकली जलविहार शोभायात्रा

**घर-घर उतारी गई भगवान की आरती**

**अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव**



ककरवई। ग्राम कचीर स्थित श्रीराम राजा सरकार सिद्धपीठ हनुमान जी महाराज मंदिर पर जलविहार महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान के विग्रहों को विमान में विराजमान कर बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भजनों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान का तिलक कर आरती उतारी। मंदिर परिसर पहुंचकर महाआरती की गई और प्रसाद वितरण के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। रात्रि में आयोजित भजन संध्या में घहरौली (महोबा) व ककरवई के कलाकारों ने भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ हरप्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। शुक्रवार सुबह भगवान को पवित्र धसान नदी में जलविहार कराया गया। पूजन-अर्चन के बाद भगवान को पुनः मंदिर में विराजमान किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन, पूर्व गरौठा विधायक बृजेंद्र व्यास (डमडम महाराज), विधायक पुत्र राहुल राजपूत, पुष्पेंद्र पटेल भड़ोकर, अवधेश रिछारिया, श्याम सिंह अस्ता, हरप्रसाद पटेल, आनंद कुमारी अमरोख, नीता सिंह, शिशुपाल यादव, वीरेंद्र सिंह यादव (बीरू ककरवई), अमित सेंगर, पारथ सिंह राजपूत, सचिन श्रीवास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमन्त यादव ने किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष ककरवई योगेंद्र सिंह, एसआई विजय शंकर मिश्रा सहित पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर के पुजारी दिनेश तिवारी व महंत दुर्गेश गौतम ने सफल आयोजन के लिए श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# नम आंखों से गणपति बप्पा को दी विदाई



**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा। क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर चल रहे गणेशोत्सव का शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हुआ। गणेशोत्सव के दौरान पांडालों में विराजमान गणपति प्रतिमाओं की भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती की। विसर्जन से पूर्व गणपति बप्पा की प्रतिमा को सुंदर को सुंदर रूप में सजाकर नगर में भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के पश्चात लखेरी नदी में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। वही ग्राम ककरवई में गणेश प्रतिमा के समक्ष बच्चियों द्वारा प्रतिदिन सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समापन अवसर पर भक्तों ने गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर प्रतिमाओं को शोभायात्रा के साथ विसर्जित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से गणपति बप्पा को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आने की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक–**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address**
**amanlekhaninews@gmail.com**



जंतु जगत / शिखर चंद जैन

# जन्म से ही अनोखी खूबियों वाले एनिमल्स के ये सुपर बेबीज

बच्चो, क्या तुम जानते हो कुछ एनिमल्स और बर्ड्स के बच्चे जन्म लेते ही चलने, दौड़ने, तैरने और उड़ने लगते हैं? वे बिना किसी ट्रेनिंग के अपनी सुरक्षा कर लेते हैं, भोजन का इंतजाम कर लेते हैं। जानो, कुछ ऐसे ही एनिमल्स और बर्ड्स बेबीज के बारे में।

## कंगारू बिना आंखों के भी रास्ते की पहचान

**कंगारू का** बच्चा जब पैदा होता है, तो वह केवल एक जेली बीन (टॉफी) जितना छोटा होता है। वह न तो देख सकता है, न सुन सकता है। लेकिन उसकी समझदारी देखने वाली होती है। वह पैदा होते ही अपनी मां के पेट के बालों को पकड़कर रेंगता हुआ सीधे उसकी सुरक्षित थैली के अंदर पहुंच जाता है। बिना देखे सही रास्ता ढूंढ़ लेना किसी जादू से कम नहीं है। *

## मैगापोड जन्म लेते ही उड़ान के लिए तैयार



**मैगापोड, एक** खास तरह का पक्षी होता है, जो ऑस्ट्रेलिया और उसके आस-पास के द्वीपों में पाया जाता है। इनके बच्चे इतने समझदार होते हैं कि जन्म लेने के 24 घंटे के अंदर ही आसमान में उड़ सकते हैं! सबसे हैरानी की बात यह है कि वे अपने माता-पिता से कभी नहीं मिलते। ये बच्चे जन्म से ही दुनिया के सबसे आत्मनिर्भर और दिमागी रूप से विकसित (होशियार) पक्षी माने जाते हैं। जीव विज्ञान में इन्हें 'सुपरप्रीकोशियल' कहा जाता है, जिसका मतलब है कि ये अंडे से निकलते ही पूरी तरह परिपक्व होते हैं। इन्हें जीवित रहने के लिए माता-पिता की कोई जरूरत नहीं होती। मैगापोड के माता-पिता अपने अंडे को जमीन या गर्म सड़ी-गली पत्तियों के ढेर के नीचे दबाकर छोड़ देते हैं। इसलिए ये बच्चे अपने माता-पिता को कभी नहीं देखते। अंडे से बाहर निकलने के बाद, वे अपनी सूझबूझ से जमीन के नीचे से रास्ता खोदकर खुद बाहर आते हैं। दुनिया के ज्यादातर पक्षी जन्म के समय कमजोर और बिना पंखों के होते हैं। इसके विपरीत, मैगापोड के बच्चे जब अंडे से निकलते हैं, तो उनकी आंखें खुली होती हैं, शरीर पर मजबूत पंख होते हैं, ये जन्म के पहले ही दिन से उड़ने, दौड़ने और शिकार करने में सक्षम होते हैं। इन्हें कोई यह नहीं सिखाता कि क्या खाना है, क्या नहीं। ये अपने जन्मजात ज्ञान की वजह से खुद ही कीड़े-मकोड़े और बीज ढूंढ़कर खाने लगते हैं। रिसर्च के अनुसार, इनके दिमाग में अपनी प्रजाति के चलने-फिरने के तरीकों को पहचानने की जन्मजात कोडिंग होती है। *

## ब्लू व्हेल पैदा होते ही एक्टिव

**दुनिया के** सबसे बड़े जीव, ब्लू व्हेल का बच्चा जन्म के समय एक बड़ी कार जितना लंबा दिखता



है। इसकी लंबाई करीब 25 फीट होती है। पानी के अंदर पैदा होने के बाद वह तुरंत समझदारी दिखाते हुए तैरकर पानी की सतह पर आ जाता है ताकि सही ढंग से सांस ले सके। इतना ही नहीं, ब्लू व्हेल का बच्चा पैदा होते ही अपनी मां के साथ गहरे समंदर की यात्रा पर निकल पड़ता है। ऐसे तैरता है मानो मां के पेट से ही सीखकर आया हो। *

## हाथी जन्म से भारी-भरकम और बुद्धिमान

**हाथी के** बच्चे का जन्म के समय औसत वजन लगभग 90 से 120 किलोग्राम होता है। इतने बड़े शरीर के बावजूद यह बच्चा जन्म के कुछ ही घंटों में चलने लगता है। हाथी का बच्चा बहुत समझदार होता है। वह तुरंत जरूरी बातें सीख जाता है, जैसे अपनी सूंड का इस्तेमाल कैसे करना है, झुंड के साथ कैसे तालमेल बनाकर चलना है ताकि वह सुरक्षित रहे। *





## समुद्री कछुआ पैदा होते ही भाग-दौड़ शुरू

**समुद्री कछुए** के बच्चे वास्तव में प्रकृति के अद्भुत जीव होते हैं। ये बहुत बुद्धिमान होते हैं। अंडों से बाहर निकलते ही ये बच्चे अपनी जान बचाने, अपने घर यानी समुद्र तक पहुंचने के लिए असाधारण बुद्धिमत्ता और जन्मजात कौशल का प्रदर्शन करते हैं। इनके इस तरह होशियार होने के कुछ प्रमुख कारण हैं, जन्म लेते ही ये छोटे कछुए रेत की खुशबू, चंद्रमा की रोशनी और पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की मदद से अपनी जरूरत के रास्ते खोज लेते हैं। ये बच्चे बिना भटके सीधे समुद्र की ओर भागते हैं। जब ये समुद्र की तरफ रेंग रहे होते हैं, तब इनका दिमाग उस जगह की हर बारीकी जैसे रेत की गंध आदि को रिकॉर्ड कर रहा होता है। सालों बाद, जब ये बड़े होते हैं, तो अंडे देने के लिए बिल्कुल उसी समुद्र तट पर वापस आते हैं, जहां वे पैदा हुए थे। अंडे से निकलने के बाद ये बच्चे एक साथ रेत के अंदर को-ऑर्डिनेट करते हैं और मिलकर बाहर आते हैं ताकि शिकारियों से बचे रहें। इन बच्चों को कोई सिखाता नहीं है कि पानी में कैसे जाना है, शिकारियों से कैसे बचना है? *

बच्चो, नदियां सिर्फ हमें जल ही नहीं प्रदान करतीं, हमें आवागमन की सुविधा भी देती हैं। देश के शहरों और विश्व के विभिन्न देशों को आपस में जोड़ती हैं। **विश्व नदी दिवस (27 सितंबर)** के अवसर पर जानो, सबसे अधिक देशों से होकर गुजरने वाली डेन्यूब नदी के बारे में।

# सबसे अधिक देशों से गुजरने वाली डेन्यूब नदी



जानकारी
रजनी अरोड़ा

बच्चो, नदियां सदियों से सभ्यता, कृषि, व्यापार और जीवन की आधारशिला रही हैं। नदियां पीने का पानी, रोजमर्रा के काम करने, खेती-बाड़ी करने के लिए जल का प्राकृतिक स्रोत होती हैं। सदियों से नदियां गांव-शहर ही नहीं, देशों को भी आपस में जोड़ती रही हैं। महत्वपूर्ण नदियां एक देश से दूसरे देश के आवागमन का माध्यम रही हैं, व्यापार का मार्ग रही हैं। दो-तीन देशों से होकर गुजरने वाली तो दुनिया में कई नदियां हैं। लेकिन डेन्यूब, दुनिया की अकेली ऐसी नदी है, जो दस देशों से होकर गुजरती है। जानो, इस नदी की विशेषताओं के बारे में-

**क्यों कही जाती है अंतरराष्ट्रीय नदी:** लगभग 2,850 किलोमीटर लंबी डेन्यूब नदी यूरोप महाद्वीप में वोल्गा नदी के बाद दूसरी सबसे लंबी नदी मानी जाती है। हालांकि यह दुनिया की दस सबसे लंबी नदियों की सूची में शामिल नहीं है। यह दुनिया की सबसे बड़ी या सबसे लंबी नदी भी नहीं है, फिर भी इसके प्रवाह की बात करें तो यह नदी सर्वाधिक देशों से होकर गुजरती है। यह नदी यूरोप के 10 देशों (जर्मनी, ऑस्ट्रिया, स्लोवाकिया, हंगरी, क्रोएशिया, सर्बिया, बुल्गारिया, रोमानिया, मोल्दोवा और यूक्रेन) से होकर या उनकी सीमाओं से होकर गुजरती है। इसमें भी खास बात यह है कि डेन्यूब नदी चार देशों की राजधनी विएना (ऑस्ट्रिया), ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया), बुडापेस्ट (हंगरी) और बेलग्रेड (सर्बिया) से होकर गुजरती है।

**उद्गम और प्रवाह:** डेन्यूब नदी का उद्गम जर्मनी के ब्लैक फॉरेस्ट क्षेत्र में स्थित डोनाउएशिंगेन के पास माना जाता है। जहां ब्रेग और ब्रिगाख नाम की छोटी नदियां मिलकर डेन्यूब नदी बनाती हैं। यहां से यह नदी पहले पूर्व दिशा और फिर दक्षिण-पूर्व की ओर बहते हुए छोटे कस्बों, ऐतिहासिक शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों से गुजरती है।

**कई यूरोपीय देशों की जीवनरेखा:** डेन्यूब केवल एक नदी नहीं, बल्कि यूरोप की ऐतिहासिक और आर्थिक जीवनरेखा भी है। यूरोप के अंदरूनी जल परिवहन नेटवर्क का प्रमुख हिस्सा होने के कारण यह नदी, सदियों से जलापूर्ति, व्यापार, परिवहन के साथ-साथ अलग-अलग देशों और संस्कृतियों को जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

# प्यारी-मजेदार कविताएं

हाल में ही बाल कविताओं की एक किताब 'चंदा थाली में' प्रकाशित हुई है। इसमें कुल 28 प्यारी-प्यारी कविताएं हैं। 'चंदामामा' शीर्षक कविता बहुत मजेदार है। इसमें यह शिकायत की गई है कि जब चंदा, मामा हैं तो मम्मी से राखी बंधवाने क्यों नहीं आते हैं? 'बादल' कविता में बादल गड़गड़ाते हुए आते हैं और हाथी, घोड़ा, शेर, ऊंट जैसे ढेर सारे चित्र आकाश में बनाकर चले जाते हैं। 'छुटकी' कविता में छुटकी के ढेर सारे कमाल हैं, जो तुम्हारा मनोरंजन करेंगे। 'चींटी रानी' कविता में उनके मिल-जुलकर एक पंक्ति में चलने के बारे में बताया गया है। इसमें इस बात को भी कविता में पिरोया गया है कि वे एक साथ चलते हुए भी कहीं जाम नहीं लगाती हैं। 'दीपावली' कविता में तुम पढ़ोगे कि यह खुशियों का त्योहार है। इसे झोपड़ियों वाले बच्चों के साथ मनाने और मिल-बांटकर मिठाइयां खाने का मजा ही कुछ और होता है।



'गर्मी की छुट्टियां' कविता में मस्ती करने की वे बातें हैं, जो तुम्हें अच्छी लगती हैं। इसी तरह 'जंगल में होली' कविता पढ़कर तुमको भी होली खेलने का मन करने लगेगा। इनके अलावा 'हरे-भरे पेड़', 'मोबाइल', 'नदी', 'इंद्रधनुष', 'चिड़िया' कविताएं भी तुम्हें जरूर पसंद आएंगी। *

**किताब :** चंदा थाली में, **रचनाकार :** नरेंद्र भूषण, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक:** अभिराम प्रकाशन, लखनऊ

## हंसगुल्ले



**चिंटू :** तुम हमेशा अपनी जेब में नींबू क्यों रखते हो?
**मिंटू :** दुश्मनों के 'दांत खट्टे' करने के लिए।
-हर्षिता, महासमुंद

**टीचर :** बताओ, मोबाइल की खोज किसने की?
**स्वीटी :** सर, मेरी मम्मी ने।
**टीचर :** क्या ..!
**स्वीटी :** सर, कल मेरे पापा का मोबाइल नहीं मिल रहा था, मम्मी ने ही खोज के दिया था।
-शिवम, रायपुर

## जीके क्विज-224



1. टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय कौन बन गए हैं?
2. हाल में ही दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिए किस अभिनेता के नाम की घोषणा की गई?
3. नुआखाई महोत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?
4. यूएस ओपन 2026 में महिला एकल का खिताब किसने जीता है?
5. सबसे तेज दौड़ने वाला स्थलीय जीव कौन-सा है?
6. गेटवे ऑफ इंडिया किस शहर में स्थित है?
7. भारत की आजादी के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कौन थे?
8. सबसे कठोर प्राकृतिक पदार्थ कौन-सा है?
9. सबसे हल्की गैस कौन-सी है?
10. भारत का राष्ट्रीय कैलेंडर किस संवत पर आधारित है?

बच्चो, जीके क्विज-224 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-223 का उत्तर :** 1. होनहोन, 2. 27 सितंबर, 3. इटली, 4. हरियाणा, 5. मौर्य वंश, 6. चीन, 7. हृदय, 8. जबलपुर, 9. नाइट्रोजन, 10. डॉ. जितेंद्र सिंह

**जीके क्विज-223 का सही उत्तर देने वाले :** मनीष-रायपुर, प्रिया-बिलासपुर, मुकेश-दुर्ग, संजीव-रोहतक, विकास-रायगढ़, प्रियांशु-महासमुंद, दित्या-बलौदा बाजार, किशन-भिवानी, हर्ष-कांकेर, जतिन-दिल्ली, लक्ष्य-बालोद, दिव्या-बिलासपुर, कबीर-हिसार, आनंद-महेंद्रगढ़, अजय-कटनी, अंकित-रायपुर



कहानी
अखिलेश श्रीवास्तव चमन

गोलू हाथी को अपने बलवान होने का बहुत घमंड था। उसे जंगल के पशु-पक्षियों को परेशान करने में बहुत मजा आता था। एक दिन वह ऐसी मुसीबत में फंसा कि उसका बलवान होना कोई काम नहीं आया। गोलू ने जंगल के पशु-पक्षियों से मदद की गुहार लगाई। क्या कोई उसकी मदद के लिए आगे आया?

# घमंडी गोलू



जंगल तो भाई सभी का होता है। कीड़े, मकोड़ों, पक्षियों और छोटे-बड़े जानवरों सभी को वहां रहने का समान अधिकार है। लेकिन गोलू हाथी ऐसा नहीं मानता था। एक तो पहाड़ जैसा भारी शरीर, ऊपर से बेहद घमंडी। अपने आगे किसी को कुछ समझता ही नहीं था वह। उसे छोटे, कमजोर पशु-पक्षियों को सताने में बहुत मजा आता था।

सुबह का समय था। लाल चींटियों का एक समूह कतार बांधे भोजन की तलाश में रास्ते के किनारे चला जा रहा था। सामने से आ रहे गोलू की निगाह उन पर पड़ी तो उसके मन में शरारत सूझी। चींटियों के पास अपनी सूंढ़ ले जाकर उसने जोर की फूंक मारी। बेचारी चींटियां उछल कर इधर-उधर छितरा गईं। किसी का पैर टूटा। किसी के सिर में चोट लगी तो किसी की पीठ में। बहुत सारी चींटियां तो मर भी गईं।

'हाथी दादा! हमने आप का क्या बिगाड़ा था, जो आपने हमारे साथ ऐसा गलत व्यवहार किया? माना कि आप बहुत शक्तिशाली हैं, हम कमजोर। लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि आप हमें जीने भी नहीं देंगे।' एक चींटी हिम्मत करके बोली।

'चल हट, बहुत बढ़-बढ़कर बात ना कर। बड़ी आई मुझे शिक्षा देने वाली। अभी दूसरी फूंक मारूंगा तो जो थोड़े बहुत तुम लोग बचे रह गए हो, उनका भी पता नहीं चलेगा।' गोलू ने कहा और झूमता हुआ आगे बढ़ गया। नहाने के बाद गोलू पीपल के पेड़ के पास गया और सूंढ़ उठाकर पत्ते खाने लगा। पीपल की जड़ के पास एक चूहा और चुहिया टहल रहे थे। गोलू को देखा तो वे दोनों अपनी बिल के अंदर घुस गए। गोलू ने उनको बिल में घुसते देख लिया था। उसके मन में शरारत सूझी। पत्ते खाने के बाद वह पानी पीने तालाब के पास गया। पानी पीकर लौटते समय उसने अपनी सूंढ़ में पानी भर लिया और चूहे के बिल के अंदर पिचकारी की तरह डाल दिया। बिल के अंदर पानी ही पानी हो गया। वह तो गनीमत थी कि चूहे ने बिल से निकलने का एक-दूसरा रास्ता भी बना रखा था। अपने परिवार सहित वह दूसरे रास्ते से निकल गया।

सुंदर वन में बरगद का एक बहुत पुराना पेड़ था। उस पर ढेर सारे पक्षी अपना घोंसला बना कर रहा करते थे। एक दिन उधर से निकलते समय गोलू ने अपनी सूंढ़ से पकड़ कर बरगद की एक डाल को इतनी जोर से हिलाया कि उस पर बने पक्षियों के घोंसले जमीन पर आ गिरे। उनमें से कई घोंसलों में अंडे थे, जो जमीन पर गिर कर फूट गए। बेचारे पक्षी चीखते रहे, लेकिन गोलू पर कोई असर नहीं हुआ। अपनी मस्ती में झूमता वह आगे बढ़ गया। लेकिन जो जैसा करता है, वैसा भरता भी है। गोलू के साथ भी वैसा ही हुआ। एक दिन सुंदर वन में घूमते वह काफी दूर निकल गया था। देर शाम जब घर लौटने लगा तो वह रास्ता भटक गया। भटकते-भटकते रात हो गई। अंधेरे में वह बबूल वन की तरफ जा पहुंचा। वहां हर तरफ बबूल के कांटे बिखरे हुए थे। गोलू के पैरों में कांटे धंस गए। कांटे धंसे तो वह इधर-उधर भागने लगा। लेकिन जितना ही भागता था, उसके पैर में उतने ही अधिक कांटे धंसते जा रहे थे। आखिर वह पस्त होकर एक जगह गिर पड़ा। उस समय तक सारे पक्षी अपने घोंसलों में और जानवर अपनी मांदों में जा चुके थे। इसलिए गोलू वहां जमीन पर पड़ा सारी रात चिंघाड़ता रहा, लेकिन उसकी मदद के लिए कोई नहीं आया। सवेरे उधर से उड़ती जा रही गौरैया ने गोलू को जमीन पर पड़े कराहते देखा। उसने भाग कर दूसरे पक्षियों को बताया तो एक-एक कर के सारे पक्षी और जानवर वहां जुट आए। उनको देख कर गोलू रोने लगा। उनसे मदद के लिए गुहार लगाई।

'क्या भाई गोलू जी, तुम तो सुंदर वन के सबसे बलवान जानवर हो। हम छोटे लोग तुम्हारी भला क्या मदद कर सकते हैं?' चमकू गीदड़ हंसते हुए बोला।

'भाई मैं बहुत कष्ट में हूं। मेरी हंसी ना उड़ाओ। अपने घर का रास्ता भूल कर मैं इधर आ गया था। मेरे सारे शरीर में कांटे धंस गए हैं। बहुत दर्द हो रहा है। इन कांटों को निकालो, वरना मेरी जान चली जाएगी।' गोलू ने रोते-रोते विनती की। 'चलो-चलो। तुमने हम लोगों को बहुत परेशान किया है। अब अपने किए की सजा भुगतो तुम।' कल्लू लंगूर बोला। 'साथियों, चाहे जैसा भी हो, गोलू आखिर हमारे सुंदर वन परिवार का ही सदस्य है। इस मुसीबत में हमें इसकी मदद करनी चाहिए।' चुनकू हिरन ने वहां एकत्र जानवरों और पक्षियों से कहा। नेक दिल चुनकू सभी के सुख-दुःख में मदद किया करता था। इसलिए जंगल के सारे जानवर उसकी बहुत इज्जत करते थे। सभी पशु-पक्षी उसकी बात मान गए।

चिल्ह बाज, गिद्ध और कठफोड़वा आदि पक्षियों ने अपनी चोंच से खींच कर गोलू के शरीर में धंसे सारे कांटे निकाल दिए। उसके बाद बंदर, भालू, और गैंडे जैसे कई जानवरों ने गिरे पड़े गोलू को सहारा देकर खड़ा कर दिया। 'मैं अपने घर का रास्ता भूल गया हूं। अब घर कैसे जाऊंगा?' दर्द से कराहते गोलू ने कहा। 'परेशान न हो। मैं आगे-आगे उड़ता चल रहा हूं। तुम मेरे पीछे-पीछे आओ। मैं तुमको तुम्हारे घर तक पहुंचा दूंगा।' सामने डाल पर बैठा कबूतर बोला। गोलू ने सारे जानवरों को धन्यवाद दिया, अपनी शरारतों के लिए माफी मांगी और लंगड़ाता हुआ कबूतर के पीछे-पीछे चल पड़ा। *

कविता
दिनेश विजयवर्गीय



## चुहिया की कविता

चंपक वन से निकल रहा था
वन मंगल अखबार
भालू राम चुना गया था
संपादक इस बार।
चुहिया रानी एक दिन पहुंची
संपादक के पास
कुछ कविताएं मेरी भी ले लो
मैं लाई हूं खास।
देख के चुहिया की कविताएं
बोले भालूराम
चुहिया रानी कमी बहुत है
नहीं बनेगा काम।
नए विषय पर चिंतन करके
फिर से सृजन करना
शायद तब संभव हो पाए
उसका जल्दी छपना।

## रंग भरो-211

रंग भरो-211 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिशा, बिलासपुर



आशना, जांजगीर



कुंजल, रायपुर



सुषमा, कोरबा



समर्थ, रायपुर



सानवी, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, कुसुम-भोपाल, प्रिया-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिव्या-करनाल, कशिश-बिलासपुर, प्रियांशी-कोरबा

## रंग भरो 212



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक लड़की पेपर क्राफ्ट्स बना रही है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, जी-65, बाली नगर, नई दिल्ली- 110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।